खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 17°C
मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 282 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 1 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी पेज 2


विराट फिर शून्य पर लुढ़के, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त खेल टाइम्स


जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे सम्पादकीय


भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस सूर्यकांत होंगे अगले CJI

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ारत के अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है? क्योंकि वर्तमान सीजेआई बीआर गवई 23 नवम्बर को पद से मुक्त हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम का अनुरोध करने वाला पत्र गुरुवार शाम या शुक्रवार को भेजा जाएगा।

### तेजस्वी यादव महागठबंधन के सीएम फेस

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी, तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा।

### कर्नाटक में डेटा सेंटर ऑपरेटर ने वोटरों के नाम हटाए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर बड़ा खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने वोटर्स लिस्ट में अनियमितताओं की जांच के दौरान पाया कि एक डेटा सेंटर ऑपरेटर को प्रत्येक मतदाता के नाम फर्जी तरीके से हटाने के लिए 80 रुपये मिले थे। दिसम्बर 2022 और फरवरी 2023 के बीच आलंद सीट पर 6,018 वोटरों के नाम हटाने के आवेदन आए थे।

### दिल्ली में हुई एयर क्वालिटी और खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी बेहद खराब बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एक्यूआई 353 दर्ज किया गया।

# SC: नाबालिग रोक सकता है अभिभावक का अवैध सौदा

## नाबालिग को अलग से मुकदमा दर्ज करने की जरूरत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति विवादों से जुड़े एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि अगर किसी नाबालिग की संपत्ति उसके अभिभावक ने कोर्ट की अनुमति के बिना बेच दी है, तो बालिग होने के बाद वह उस सौदे को केवल अपने आचरण से भी अस्वीकार कर सकता है। इसके लिए उसे अदालत में अलग से मुकदमा दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा कि व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यक और अभिभावक अधिनियम, 1956 की धारा सात और आठ के तहत प्राकृतिक अभिभावक द्वारा नाबालिग की अचल संपत्ति को कोर्ट की अनुमति के बिना बेचना रद्द माना जाएगा। अदालत ने कहा कि ऐसा सौदा बालिग होने के बाद नाबालिग या तो मुकदमा दाखिल करके रद्द कर सकता है या अपने स्पष्ट आचरण, जैसे उसी संपत्ति को स्वयं बेच देना, के जरिये भी अस्वीकार कर सकता है। यह फैसला पिछले कई वर्षों से चली आ रही कानूनी अस्पष्टता को दूर करता है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं था कि नाबालिग को ऐसे मामलों में मुकदमा दाखिल करना जरूरी है या नहीं। यह फैसला कर्नाटक के दावणगेरे जिले के केएस शिवप्पा की अपील पर आया। मामला दो सटे हुए भूखंडों से जुड़ा था, जिन्हें रुद्रप्पा नामक व्यक्ति ने 1971 में अपने तीन नाबालिग बेटों के नाम से खरीदा था। लेकिन जल्द ही रुद्रप्पा ने कोर्ट की अनुमति लिए बिना दोनों भूखंडों को अलग-अलग खरीदारों को बेच दिया। इनमें से एक प्लाट 56 को बाद में कई बार बेचा गया और आखिरकार 1989 में नाबालिगों के बालिग होने के बाद उन्हीं के द्वारा शिवप्पा को बेचा गया। दूसरा प्लाट 57 भी रुद्रप्पा ने कोर्ट अनुमति के बिना बेचा, जिसे 1993 में नीलम्मा नाम की महिला ने खरीदा। शिवप्पा ने दोनों प्लाट्स को खरीदने के बाद उन पर एक मकान बनाया। बाद में नीलम्मा ने इनमें से एक प्लाट पर स्वामित्व का दावा करते हुए शिवप्पा पर मुकदमा दायर कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने शिवप्पा के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि रुद्रप्पा का बिना अनुमति किया गया सौदा 'रद्द योग्य' था और नाबालिग बेटों ने बालिग होने के बाद संपत्ति खुद बेचकर उसे वैध रूप से अस्वीकार कर दिया। हालांकि, अपीलीय अदालत और कर्नाटक -शेष पृष्ठ दो पर

**अदालत ने कहा : व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी**



### CJI पर हमले के आरोपी वकील के खिलाफ अवमानना याचिका पर शीर्ष कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश के आरोपी वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने दायर की है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सुनवाई करेगी। यह घटना 6 अक्टूबर को हुई थी, जब वकील राकेश किशोर (71) ने सीजेआई की अदालत में जूता फेंक दिया था। इस अप्रत्याशित घटना के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने किशोर का वकालत लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

# केदारनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**श्री केदारनाथ धाम।** उत्तराखंड में स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट भाई दूज पर गुरुवार को प्रात: 8:30 बजे विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए।

कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने सेना के बैंड तथा जयघोष के साथ पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया। केदारनाथ में सर्द मौसम के बीच 10 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस मौके पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं ने भंडारे भी आयोजित किए। कपाट बंद होने की प्रक्रिया से पहले श्रद्धालुओं ने मंदिर में अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद कपाट बंद की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रह्म मुहुर्त में केदारनाथ धाम के पुजारी बागेश लिंग तथा आचार्यगणों, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति -शेष पृष्ठ दो पर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया



# कुख्यात रंजन व गिरोह के तीन सदस्य ढेर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके में बुधवार रात पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिहार के कुख्यात अपराधी रंजन पाठक और उसके गिरोह के तीन अन्य वांछित सदस्य मुठभेड़ में मारे गए।

यह मुठभेड़ बुधवार रात करीब 2:20 बजे रोहिणी सेक्टर के बहादुर शाह मार्ग और पंसाली चौक के बीच हुई। संयुक्त आयुक्त (अपराध) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मारे गए अपराधियों की पहचान मलाही गांव, सुरसंड, सीतामढ़ी निवासी रंजन पाठक (25), बाजपट्टी थाना क्षेत्र, सीतामढ़ी निवासी बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), दोस्तियां गांव, शिवहर निवासी अमन ठाकुर (21) और शेरपुर गांव, करावल नगर, दिल्ली निवासी मनीष पाठक (33) के रूप में हुई है संयुक्त आयुक्त के अनुसार मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने कहा कि यह गिरोह दिल्ली में किसी बड़ी आपराधिक साजिश को अंजाम देने आया था। रंजन पाठक बिहार के सीतामढ़ी जिले का कुख्यात अपराधी था और 'सिग्मा एंड कंपनी' नामक आपराधिक संगठन का सरगना था।

# सेना को मिलेगी नाग मिसाइल प्रणाली

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर उनकी मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी दे दी है।

इन रक्षा सौदों में मुख्य रूप से सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम, ग्राउंड बेस्ट मोबाइल सिस्टम, क्रेन और हाई मोबिलिटी व्हीकल की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें नौसेना के लिए नेवल सरफेस गन और वायुसेना के लिए भी लंबी दूरी के मिशन में महत्वपूर्ण प्रणाली की खरीद भी शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां

**■ सरकार ने 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी**

हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में लगभग 79 हजार करोड़ रुपये के इन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन सौदों के अंतर्गत सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-2 , ग्राउंड बेस्ड मोबाइल सिस्टम (जीबीईएमएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### ट्रम्प से मोदी की मुलाकात इस साल नहीं होगी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के 22 वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के निर्णय से उनकी मलेशिया यात्रा तथा वहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात की संभावनाओं को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) -भारत शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में हो रहा है। गुरुवार को पहले प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वयं यह जानकारी दी और बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 अक्टूबर को इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे।






## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ बोर्ड प्रस्ताव नामंजूर

**श्रीनगर।** पीडीपी के नेता वहीद पारा की ओर से जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की बहाली और उसके प्रबंधन की जिम्मेदारी मुत्तहिंद-ए-मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) को सौंपने की मांग वाला प्रस्ताव विधानसभा में मतदान के दौरान नामंजूर हो गया। पारा ने एक्स पर लिखकर इस विषय में जानकारी देते हुए कहा कि पीडीपी विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर से औपचारिक रूप से आग्रह करेगी कि वे अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए इस प्रस्ताव को विधाई कार्य में शामिल करें। यह एक संवेदनशील, आस्था से जुड़ा मुद्दा है, जिस पर बहस होनी चाहिए और इसे स्थानीय धार्मिक नेतृत्व के पास वापस भेजा जाना चाहिए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर विस अध्यक्ष ने पारा द्वारा पेश किए गए दो निजी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया था, जिनमें से एक में वक्फ बोर्ड की बहाली और कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले धार्मिक समूह एमएमयू द्वारा इसके प्रबंधन की मांग की गई थी।

### एसबीआई को मिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** एसबीआई को अमेरिकी फिनटेक कंपनी ग्लोबल फाइनेंस ने साल 2025 के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक और भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार दिया है। देश के सबसे बड़े सार्वजनिक बैंक को मिली इस वैश्विक मान्यता पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बधाई दी है और कहा है कि वह इसका हकदार है। एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने अमेरिका के वाशिंगटन, डीसी में एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार ग्रहण किए।

# उप्र की राजनीति में एक बार फिर छिड़ा पोस्टरवार

## अखिलेश के जन्मदिन पर सपा कार्यालय के बाहर लगा प्रबल इंजन सरकार का पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर पोस्टरवार छिड़ गया है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर एक विशालकाय होर्डिंग ने सबका ध्यान खींच लिया है।




पोस्टर सपा ने भारतीय जनता पार्टी के 'डबल इंजन सरकार' के नारे की तर्ज पर 'प्रबल इंजन की सरकार' का नारा देते हुए राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। यह होर्डिंग सपा के मेंहदावल (संत कबीरनगर) से रहे प्रत्याशी जयराम पांडेय ने लगवाई है। इसमें पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक ट्रेन के इंजन के रूप में दिखाया गया है, जबकि पीछे के डिब्बों पर सपा सरकार की योजनाओं के नाम लिखे हैं। इनमें समाजवादी पेंशन योजना, कन्या विद्याधन, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, लैपटॉप योजना, डायल-100, लखनऊ मेट्रो और मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी योजनाएं शामिल हैं। पोस्टर पर लिखा है एक इंजन, मजबूत इंजन फिर से चलेगी समृद्धि की बयार, जब 2027 में आएगी प्रबल इंजन की सरकार। इसके साथ धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। खास बात यह है कि अखिलेश यादव के दस्तावेजों में जन्मतिथि 1 जुलाई 1973 दर्ज है, लेकिन समर्थक हर साल 23 अक्टूबर को उनका 'वास्तविक जन्मदिन' मनाते हैं। इसी अवसर पर यह रचनात्मक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें उन्हें संस्कृत में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई हैं। होर्डिंग में सपा का नया 'पीडीए फॉर्मूला' भी प्रमुखता से दिखाया गया है, पी. प्रगतिशील, डी. दूरदर्शी, और ए. अमनपसंद। पार्टी के कार्यकर्ता इसे सामाजिक न्याय और विकास के नए प्रतीक के रूप में पेश कर रहे हैं। जयराम पांडेय ने बताया कि वह पिछले नौ वर्षों से अखिलेश यादव के जन्मदिन पर इसी तरह के रचनात्मक पोस्टर लगाते आ रहे हैं।

# आसियान शिखर बैठक में समझबूझ कर नहीं जा रहे हैं पीएम मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि कुआलालम्पुर में होने वाली आसियान शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने वह अलग-थलग महसूस करेंगे, इसलिए सोची समझी रणनीति के तहत इस बैठक में हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आसियान शिखर सम्मेलन की 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालम्पुर में शिखर बैठक होगी निसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।



कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रधानमंत्री इस बैठक में जाएंगे या नहीं। अब तय लग रहा है कि प्रधानमंत्री नहीं जाएंगे। इसका मतलब है कि विश्व नेताओं के साथ गले मिलने, तस्वीरें खिचवाने या खुद को विश्वगुरु बताने के कई मौके गंवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के न जाने की वजह साफ है। वहां राष्ट्रपति ट्रंप मौजूद होंगे मोदी उनके सामने खुद को अलग थलग पड़ता महसूस नहीं करना चाहेंगे। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा में संदेश पोस्ट करना एक बात है। लेकिन उस व्यक्ति के साथ घुलना-मिलना दूसरी बात है और यह सब उस व्यक्ति के साथ आसान नहीं होगा, जिसने 53 बार ऑपरेशन सिदूर रुकवाने और पांच बार भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने के वादे का दावा करने वाला बयान दिया है। यह एक तरह से खुद को बचाकर रखने की स्थिति ही होगी। कांग्रेस नेता ने तंज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शायद उस पुराने हिट बॉलीवुड गाने को याद कर रहे होंगे बचके रे रहना रे बाबा, बचके रहना रे।

# इंडिया गठबंधन में कांग्रेस का कोई सम्मान नहीं: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता

■ महागठबंधन के पोस्टर से राहुल का फोटो गायब

भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को महागठबंधन के प्रेसवार्ता के पोस्टर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की फोटो गायब होने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं। पूनावाला ने कहा कि प्रेसवार्ता के गुरुवार को पटना में होने वाली प्रेसवार्ता के पोस्टर में तेजस्वी बीच में दिखाई दे रहे थे, जबकि गठबंधन के अन्य सहयोगियों की छोटी तस्वीरें थीं, लेकिन राहुल गांधी का कोई नामोनिशान नहीं था। श्री पूनावाला ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं के पास न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ भ्रम, विभाजन और पद की महत्वाकांक्षा है। पूनावाला ने इस चूक का मजाक उड़ाते हुए कहा कि कल तक तो यही घोषणाएं हो रही थीं कि राहुल गांधी ही चेहरा होंगे, लेकिन अब मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी के लिए कोई सम्मान नहीं बचा है।

इन दलों के गठबंधन को देखिए, न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ भ्रम, सिर्फ विभाजन और सिर्फ पद की महत्वाकांक्षा। उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने इसी मामले पर हमला तेज करते हुए कहा कि राजद ने जानबूझकर कांग्रेस सांसद के नेतृत्व को 'अनदेखा' किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सुबह 11 बजे निर्धारित पीसी में राहुल गांधी का कोई पोस्टर नहीं था।

## फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी

# फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक्सप्रेस-वे पर हर 100 किमी पर छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को अग्निशमन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्एक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं तथा सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्एक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदाई प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

### योगी ने प्रदेशवासियों को दी भैया दूज की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश वासियों को भैया दूज की शुभकामनाएं और बधाई दी है। योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, भाई-बहन के स्नेहिल बंधन और विश्वास की डोर को दृढ़ करने वाले पावन पर्व भैया दूज की सभी को हार्दिक बधाई। यमुना मैया की कृपा से हर बहन का जीवन सुख, सौभाग्य और समृद्धि से आलोकित हो और हर भाई का जीवन साहस, सफलता और उज्जवल भविष्य के प्रकाश से जगमगाता रहे, यही प्रार्थना है। गौरतलब है कि यूपी के विभिन्न हिस्सों में आज भाई दूज धूम धाम से मनाया जा रहा है। इस क्रम में पूर्वांचल से लेकर कानपुर, अवध, पश्चिमी यूपी समेत सभी इलाकों में चहल-पहल का माहौल है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152501
प्रति किलो




# सेंसेक्स पहली बार 85,000, निफ्टी-50 सूचकांक 26000 पार

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की खबरों से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में जबरदस्त तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 85,000 तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक पहली बार 26,000 अंक के स्तर को छूकर लौटा।

बाद में तेल एवं गैस, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में गिरावट से बाजार की तेजी कम हुई। सेंसेक्स 860 अंक से अधिक की उछाल के साथ 85,290.06 अंक को छूने के बाद अंत में 130.06 अंक (0.15 प्रतिशत) की बढ़त में 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 235 अंक से ज्यादा की मजबूती के साथ 26,104.20 अंक तक पहुंचने के बाद अंत में 22.80 अंक यानी 0.09 प्रतिशत ऊपर 25,891.40 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों के लिए ए उनके रिकॉर्ड बंद स्तर हैं। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों पर बाद में दबाव आ गया।



निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.05 फीसदी लुढ़क गए। मीडिया में बुधवार को यह खबर आई थी कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द हो जाएगा। साथ ही, भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में आयात शुल्क की दर 50 प्रतिशत से घटाकर 15.16 प्रतिशत हो जाएगी।

इससे बाजार सकारात्मक निवेश भावना के साथ खुला। आईटी सेक्टर में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके अलावा बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,308 के शेयर बढ़त में और 1,802 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं, 92 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 22 के शेयरों में तेजी और अन्य आठ में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 3.86 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.43 प्रतिशत, टीसीएस में 2.24, एक्सिस बैंक में 1.90, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.24 और टाइटन में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही। टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयर आधा से एक फीसदी के बीच चढ़े। इटरनल में सबसे अधिक 2.88 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.75 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 1.63, अडानी पोर्ट्स का 1.41, आईसीआईसीआई बैंक का 1.35 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.17 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.35 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.72 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी मजबूत हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.40 प्रतिशत फिसल गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही।

## चांदी रिकॉर्ड हाई से 25,000 सस्ती, सोना 5 दिन में 5,677 गिरा

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज यानी, 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है। इससे पहले ए 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपए पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के आल टाइम हाई पर पहुंची थी।वहीं माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को वित्त-वर्ष 2024-25 में 96.5 मिलियन डॉलर यानी 847 करोड़ रुपए सैलरी मिली। यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी सैलरी है, जो पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत ज्यादा है।

# चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए जबकि गेहूं में टिकाव देखा गया। वहीं दालों और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।



विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 14 रिंगिट चढ़कर 4,470 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.79 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत छह रुपए बढ़कर 3,888.78 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। वहीं गेहूं 2,883.12 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत आठ रुपए घटकर 3,338.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपए और सूरजमुखी तेल की 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सरसों तेल 43 रुपए और सोया तेल 64 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 49 रुपए और पाम ऑयल की 13 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल और उड़द दाल दोनों की औसत कीमत 18.18 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 18 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 29 रुपए और मूंग दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**SC नाबालिग....** हाईकोर्ट ने इस निर्णय को पलट दिया और कहा कि नाबालिगों को पहले पिता की बिक्री रद्द करने के लिए मुकदमा दाखिल करना चाहिए था। अंतत: शिवप्पा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो नाबालिग को अनिवार्य रूप से मुकदमा दायर करने के लिए बाध्य करता हो। अदालत ने कहा कि यदि नाबालिग का व्यवहार जैसे संपत्ति को स्वयं बेचना स्पष्ट रूप से अस्वीकृति दर्शाता है, तो उसे पर्याप्त माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में मुकदमा दायर करने का दायित्व नाबालिग पर नहीं बल्कि उस व्यक्ति पर होता है, जो पहले के सौदे से अपने अधिकार खोने का दावा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि पावर ऑफ अटार्नी रखने वाला व्यक्ति संपत्ति स्वामित्व से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी वाले मामलों में मालिक की ओर से गवाही नहीं दे सकता। इस आधार पर नीलम्मा का दावा भी खारिज कर दिया गया। अदालत ने अंत में कहा कि रुद्रप्पा द्वारा किया गया सौदा वैध नहीं था और नाबालिगों द्वारा समय रहते उसे अस्वीकार करने के कारण नीलम्मा को कोई अधिकार नहीं मिला।

**केदारनाथ...** (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी सहित जिला प्रशासन, तीर्थ पुरोहितों और हक हकूकधारियों ने पूर्व द्वार से मंदिर के गर्भगृह परिसर में प्रवेश किया तथा समाधि पूजा में शामिल हुए। यज्ञ-हवन समाधि पूजा के पश्चात, पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ के स्वंभू शिवलिंग को समाधि रूप दिया। स्थानीय पुष्पों कुमजा, बुकला, राख सहित ब्रह्म कमल, शुष्क फूल पत्तों से ढक दिया गया। जय बाबा केदार के उदघोष के साथ मंदिर गर्भगृह बंद हुआ। मुख्यमंत्री तथा बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की उपस्थिति में प्रात: साढ़े आठ बजे मंदिर का पूर्वी तथा दक्षिण द्वार बंद हो गया। इसके बाद पंचमुखी डोली को बाहर मंदिर परिसर में लाया गया तथा डोली ने श्री केदारनाथ मंदिर की परिक्रमा के पश्चात प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंचमुखी डोली के साथ प्रस्थान किया। श्री धामी ने बाबा केदार के कपाट बंद होने के अवसर पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए शुभकामनाएं दी।

## चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस नौ नवम्बर से दिल्ली के लिए दोबारा शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस आगामी नौ नवम्बर से दिल्ली और शंघाई के बीच दोबारा उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से शंघाई की उड़ान शाम 7:55 बजे और शंघाई से वापसी की उड़ान स्थानीय समय के अनुसार अगले दिन सुबह 4:10 बजे रवाना होगी। दोनों देशों के बीच पांच साल से भी ज्यादा समय के बाद कोई सीधी उड़ान शुरू हो रही है। ईस्टर्न एयरलाइंस दोबारा भारत के लिए उड़ान शुरू करने वाली पहली चीनी एयलाइंस है। भारतीय विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 26 अक्टूबर से कोलकाता से चीन के ग्वांग्झू के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। कोविड-19 महामारी से पहले दोनों देशों के बीच 500 से अधिक उड़ानों का परिचालन किया जा रहा था, लेकिन साल 2020 में महामारी के प्रसार को रोकने के लिए उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी। इस बीच, टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के सूत्रों का कहना है कि एयरलाइंस अगले महीने से चीन के लिए उड़ानों की घोषणा कर सकती है। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस शंघाई-दिल्ली मार्ग पर एयरबस ए330-200 विमान का संचालन करेगी जो इन-फ्लाइट वाई-फाई से लैस होगा।

# अनुशासनहीनता के आरोप में बसपा नेता समसुद्दीन रायनी पार्टी से निष्कासित

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने पार्टी में गुटबाजी और अनुशासनहीनता के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। पार्टी की अनुशासन समिति की सिफारिश पर उन्होंने कद्दावर मुस्लिम नेता समसुद्दीन रायनी को बसपा से निष्कासित कर दिया है।

रायनी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों और गुटबाजी में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के स्तर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। पार्टी हितों के विपरीत आचरण और अनुशासनहीनता के चलते उन्हें संगठन से बाहर किया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि मायावती अब संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। निष्क्रिय और गुटबाजी करने वाले नेताओं पर एक के बाद एक कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी बसपा में कई जिलों और मंडलों में बड़े फेरबदल किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि समसुद्दीन रायनी बसपा में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बाद उन्हें पार्टी का बड़ा मुस्लिम चेहरा माना जाता था। वह लखनऊ और कानपुर मंडल के प्रभारी थे और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती थी। सूत्रों के अनुसार बीते कुछ महीनों से रायनी के खिलाफ लगातार शिकायतें आ रही थीं, जिनकी समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एनएच-58 पर दुर्घटना में दो की मौत, माँ-बेटी घायल

## भैयादूज के त्यौहार पर माँ-बहन के साथ भाई की मुलाकात पर आया था मृतक

■ पचैंडा रोड पर ट्रक की टक्कर से युवक के हुए कई टुकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार की दोपहर दिल्ली देहादून हाईवे के बागोवाली चौकी के ठीक सामने मौत बनकर आई तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार माँ-बेटे व लडकी को रौंद डाला। इस भयानक हादसे में स्कूटी चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि मां बेटे जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने घटना की छानबीन कर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर दुर्घटना करने वाले कार को कब्जे में कर लिया है। उधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दिल्ली देहराद.न हाईवे के पचैंडा के निकट बेकाबू ट्रक ने युवक को टक्कर मारकर काफी दूर तक घसीटा जिससे उसका शव कई टूकडों में हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह शव को सड़क से हटाकर मोर्चरी भेज दिया है। एक अन्य घटना में सिविल लाइन क्षेत्र के भोपा पुल के निकट अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।

उत्तराखंड राज्य के थाना कनखल गांव जगदीशपुर निवासी ममता पत्नी संजय गुरूवार की सवेरे मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुई थी। ममता के साथ उसका उन्नीस वर्षीय बेटा दीपांशु, अट्ठारह वर्षीय पुत्री पूजा भी थी। तीनों लोग स्कूटी पर सवार होकर जगदीशपुर से मुजफ्फरनगर के लिए चले। दोपहर के समय तीनों स्कूटी द्वारा अपने घर लौटने लगे। बताया जाता है कि ममता का बेटा दीपक किसी मामले में जिला कारागार में बंद है और वह भैयादूज के त्यौहार पर अपनी बेटी व बेटे को लेकर दीपक से मुलाकात के लिए आए थे। जब तीनो लोग स्कूटी द्वारा वापस लौटने लगे तो दिल्ली देहादून हाईवे के बागोवाली स्थित चौकी के ठीक सामने विपरीत दिशा से तेज गति से आई काले रंग की कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मारकर उछाल दिया। कार के नीचे कुचले जाने से तीनो ही लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इस समय दीपांशु की हालत गंभीर थी। पुलिस ने उन्हे तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरो ने दीपांशु को मृत घोषित कर दिया। और परिवार के अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर दुर्घटना करने वाली कार को अपने कब्जे में कर लिया। वहीं एक और घटना नई मंडी क्षेत्र के पचैंडा बाईपास की है जो यहां एक युवक सड़क पार कर रहा था जहां अचानक ही मौत बनकर आए ट्रक ने उसको रौंद डाला। इस घटना में युवक का शरीर सड़क पर चिपक गया और वह कई टुकडों में हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, लेकिन मृतक का चेहरा बुरी तरह कुचला गया था, जहां पुलिस ने लोगों की मदद से शव के टुकडे मोर्चरी भिजवाए। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

वहीं तीसरी घटना में सिविल लाइन क्षेत्र के भोपा पुल के नीचे एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। लोगों की सूचना पर पुलिस मौक ेपर पहुंची और घटना की छानबीन कर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए। जब शव की शिनाख्त नहीं हुई तो पुलिस ने उसको मोर्चरी भेज दिया। पुलिस का कहना है कि दिखने में भिखारी लग रहा है।

# पटाखा जलाने को लेकर खूनी संघर्ष, आधा दर्जन लोग घायल

■ लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से एक-दूसरे पर हमला किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली/मुजाहिदपुर।** दीपावली के मौके पर पटाखा चलाने को लेकर मामूली कहासुनी गुरुवार को दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रतनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को लाठी फटकारकर तितर-बितर किया। घायलों को सीएचसी खतौली में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

ग्राम मुजाहिदपुर निवासी नीतीश कुमार पुत्र अरविंद दो दिन पूर्व दीपावली की रात अपने घर के बाहर पटाखे चला रहा था। उसी दौरान उसका पड़ोसी जितेंद्र पुत्र वीर सिंह से पटाखा जलाने को लेकर विवाद हो गया था। गांव के संभ्रांत व्यक्तियों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। लेकिन गुरुवार की सुबह यह विवाद फिर भड़क गया। बताया गया कि नीतीश कुमार अपने परिवार के साथ घर में मौजूद था। उसी समय दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र पुत्र वीर सिंह, वीर सिंह पुत्र रूप सिंह, जितेंद्र पुत्र वीर सिंह, आदित्य पुत्र धर्मेंद्र, सानू पुत्र प्रदीप व दो-तीन अज्ञात व्यक्ति हथियार लेकर जबरन घर में घुस आए। उन्होंने परिवार के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमलावरों ने नीतीश और उसके परिजनों पर लोहे की रॉड, धारदार हथियार और देसी तमंचे से हमला कर दिया। हमले में चंद्र प्रकाश पुत्र राम सिंह, अरविंद पुत्र राम सिंह, अतुल पुत्र चंद्र प्रकाश, उम्मीद पुत्र राम सिंह, नीतीश पुत्र अरविंद और उमेश पत्नी अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पाकर रतनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित कर घायलों को अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। घायल नीतीश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि जब वह अपने परिजनों को कार (संख्या यूपी 12 सीसी 4252) से अस्पताल ले जा रहा था, तभी आरो.पितों ने रास्ते में गाड़ी रोककर दोबारा हमला कर दिया। इस दौरान कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। थानाध्यक्ष रतनपुरी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही थी। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# बहनों ने तिलक लगाकर की भाइयों की लम्बी उम्र की कामना






## फायरिंग का मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** दबंगता दिखाने के लिए कुछ युवकों ने फायरिंग की जिसमें दो युवक घायल हो गए। घायलों का इलाज अभी भी मेरठ के अस्पताल में चल रहा है। तीन दिन बाद पुलिस ने इस मामले को दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। तितावी पुलिस का कहना है कि इस मामले की छानबीन की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास भी किए जा रहे है। बताया जाता है कि ग्राम जागाहेड़ी में रमन के घर में जन्मदिन था। जन्मदिन की पार्टी मनाने के बाद रमन अपने साथी आशीष निवासी पिनना के साथ लौट रहा था। जब वह तितावी क्षेत्र के गांव जागाहेडी कट के निकट पहुंचे तो इसी बीच कार सवार युवको ने रमन की कार को रूकवा लिया। इसी बीच रमन आदि के बीच गाली गलौच की गई। यह आरोप रमन के पिता पवन पाल ने लगाते हुए थाने में एक तहरीर भी दी है। शिकायती पत्र में बताया कि दूसरे पक्ष ने उस दौरान फायरिंग की जहां दोनो युवक गोली लगने से घायल हो गए। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंची जहां घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अभी भी घायलों का इलाज मेरठ चल रहा है। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने तीन दिन बाद इस मामले को दर्ज किया है।

# हूटर बजाकर हुडंदग मचा रहे तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फुगाना पुलिस ने ऐसे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्होने जन्मदिन की एक पार्टी मनाने के बाद कार का हूटर बजाकर चारो ओर हुड़दंग मचाया। इस मामले की वीडियो कई दिन से वायरल हो रही थी। जहां जांच पड़ताल के बाद पुलिस को जानक.ारी मिली कि पुलिस व अन्य गाडियों का हूटर बजाकर हुडदंग मचाने में मोनिस पुत्र नसीम, बिलाल पुत्र इलियास, सारिक पुत्र इनाम निवासीगढ़ ग्राम लोई थाना फुगाना है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनकी बाइके व हूटर लगी कार को कब्जे में कर लिया है पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया।

## नौकरी के नाम पर 19 लाख ठगे

**मुजफ्फरनगर।** रेलवे में भर्ती कराने के नाम पर उन्नीस लाख रूपये ठगने की शिकायत की गई है। इस मामले का मुकदमा नई मंडी पुलिस ने दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी और सिविल लाइन थाने में भी एक व्यक्ति ने अपने भाई पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर बिजली का बिल अपने नाम कराने का आरोप लगाया है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव कुकडा निवासी एक व्यक्ति पर दक्षिणी सिविल लाइन निवासी अश्वनी ने आरोप लगाते हुए एक वाद दायर कराया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उसके पिता को झांसा दिया कि वह उसके बेटे की रेलवे में बड़े पद पर नौकरी लगवा देंगे। यह भी आरोप लगाया गया कि इस नौकरी के नाम पर उनसे ऑनलाइन उन्नीस लाख रूपये की ठगी की गई है। जब चार माह बित गए और नौकरी नहीं मिली तो इसकी शिकायत की गई जिसके बाद आरोपी ने उनको दिल्ली के बीआरएम ऑफिस में ले गया, लेकिन इसके बाद ही उसको नौकरी नहीं मिली। दबाव बनने पर उसको फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप दिया। कोर्ट के आदेश पर इस मामले को दर्ज कर लिया गया। वहीं नुमाईश कैंप निवासी प्रदीप ने भी अपने भाई पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर बिल को अपने नाम कराने का मुकदमा दर्ज करवाया है।

# जेल में लगी कतार, ट्रेन व बस में रही सफर की मारामारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाई बहन के प्रेम का पर्व भैयादूज का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला कारागार में सवेरे से ही बंदी भाईयों से मुलाकात करने के लिए महिलाओं की लम्बी कतार लगने लगी थी, जहां जेल प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए थे।

इसके लिए बंदी भाईयों से बहनों की मुलाकात कराई गई। बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाया और आरती उतारकर उनके लम्बी उम्र की कामना की तो वहीं भाईयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन दिया।

सवेरे से ही भाईयों से मिलने के लिए जिला कारागार परिसर के बाहर लम्बी लाइन लगनी शुरू हो गई थी। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और अन्य प्राइवेट वाहनों से भी लोग सफर करते रहे।

डग्गामार वाहनों ने भी खूब चांदी काटी और ट्रेन व बस में भीड़ होने का लाभ उठाते हुए यात्रियों से खूब अधिक वसूली की। बाजारों में सवेरे से आवागमन शुरू हो गया था। और लोग सफर करने के लिए निकल पडे थे जिससे देर शाम तक सड़कों पर जाम लगा रहा।

ट्रेन और बसों में खूब मारामारी रही, हालांकि परिवहन विभाग ने बसों के फेरों में बढ़ोत्तरी की थी इसके बावुजूद भी भीड़ के आगे यह इंतेजाम बोने साबित हुए। ट्रेनों और बसों में मारामारी का आलम रहा।









# पुलिस पर भाकियू ब्लॉक सचिव की पिटाई का आरोप

## आत्मदाह की धमकी से मचा हड़कंप,माफी मांगने के बाद थमा बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली में पुलिस और भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) कार्यकर्ताओं के बीच गुरुवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। भाकियू के ब्लॉक सचिव ने पुलिस पर बेरहमी से पिटाई का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर आत्मदाह की धमकी वाला वीडियो वायरल कर दिया, जिससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

मामला तूल पकड़ते ही दर्जनों भाकियू नेता कोतवाली पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

खतौली भूड़ निवासी फारूक पुत्र शाबिर, जो भाकियू के ब्लॉक सचिव हैं, ने आरोप लगाया कि बुधवार देर रात करीब 20-25 पुलिसकर्मी उसके घर पहुंचे और परिवारजनों से अभद्रता करते हुए मारपीट की। इसके बाद पुलिस उसे कोतवाली ले गई, जहाँ कथित रूप से लात-घूंसों और जूतों से बेरहमी से पिटाई की गई। फारूक का कहना है कि उसने खुद को भाकियू पदाधिकारी बताया, लेकिन पुलिस ने कोई बात नहीं सुनी।

पीड़ित के अनुसार, पुलिस किसी अन्य व्यक्ति की तलाश में थी, लेकिन नाम की समानता के चलते उसे उठा लिया गया। फारूक ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एसएसपी संजय सिंह और किसान नेता राकेश टिकैत से मामले में हस्तक्षेप कर दोषीपुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में अफरातफरी मच गई। सूत्रों के अनुसार, पुलिस अधिकारियों ने तत्काल मामले को शांत कराने के लिए भाकियू नेताओं से वार्ता की। कई घंटे चली बातचीत के बाद पुलिस अधिकारियों ने फारूक से माफी मांगी, जिसके बाद पीड़ित ने आत्मदाह की चेतावनी वापस ले ली।

माफी के बाद मामला शांत हो गया, तो पुलिस ने राहत की सांस ली। वहीं, भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी कार्यकर्ता के साथ इस तरह का व्यवहार दोहराया गया, तो संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा।

बता दे कि कोतवाली पुलिस इस्लामाबाद भूड़ में विगत दिनों दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश देने पहुँची थी जहां आरोपी तो नही मिले लेकिन पुलिस गलती से फारूक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई थी।

# विधोत्तमा कन्या कॉलेज में छात्राओं ने बनाई रंगोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गुरुवार को विधोत्तमा कन्या महाविद्यालय, गांधी खतौली में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत छात्राओं द्वारा दीपावली पर्व पर रंगोली, दीप सज्जा प्रतियोगिता एवं दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सृजनशीलता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक संजीत कुमार शर्मा ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, वहीं प्राचार्य डॉ. कविता वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। दीपावली के अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में एम.एससी. की छात्राएं अदिति तोमर, अदिति चौधरी, दिया, रश्मि और प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दीप सज्जा प्रतियोगिता में अजमी (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने बाजी मारी। विजेता छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंधक संजीत कुमार शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुओं के स्टॉल भी लगाए, जिनकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर प्रबंधक शर्मा ने कहा किछात्राओं को अपनी कला और सृजनशीलता को रोजगार का माध्यम बनाना चाहिए। आज की नारी आत्मनिर्भर और सशक्त है। कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रश्मि, सुलक्षणा आर्य, साधना, उमा, अंजलि, कोमल, स्नेहा, प्रियंका, दीपांशी, दीपशिखा, लायबा आदि का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त कर्मचारी संजय कुमार, रोहित राठी, संजीव कुमार, प्रणय शर्मा, शकुंतला, सुनीता, अनीता और कमलेश ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास और सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ

# भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर प्रेमपुरी की वार्षिक रथ यात्रा परम पूज्य आचार्य 108 भारत भूषण जी महाराज (ससंघ) एवं परम पूज्य आर्यिका रत्न 105 श्री विक्रांत श्री माता जी ससंघ के सानिध्य में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुई।

रथ यात्रा का कार्यक्रम मंगल ध्वजारोहण के साथ आरंभ हुआ मंगल ध्वजारोहण आदरणीय श्री संजय जैन जी पारस टीएमटी के कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राजन जैन (प्रितुल मशीन) एवं मुख्य अतिथि शीतल जैन सीए समारोह गौरव मनोज जैन रहे। एवम समाज का भोजन सुखबीर सिंह जैन नावला परिवार की ओर से किया गया। तत्पश्चात रथ यात्रा प्रेमपुरी जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई मंदिर जी मे



पहुंचकर संपन्न हुई। रथ यात्रा में चार बैंड, 5 घोड़े, 2 बग्गी, 2 ढोल पार्टी, 3 रथ, 2 झांकी इत्यादि के साथ सभी श्रावक श्राविकाओ सहित बच्चो ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। रथ यात्रा में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनोद जैन, महामंत्री विपिन जैन जुगनू, कोषाध्यक्ष प्रियांक जैन, अनुज जैन, सुशील जैन, सुनील जैन, मनोज जैन, प्रवीन जैन, मयंक जैन, प्रदीप जैन, पंकज जैन, मनीष जैन, संजीव जैन, नितिन जैन, सचिन जैन, कमल जैन सीए आदि रूप से उपस्थित रहे।

# दो सगे भाइयों को मारपीट कर किया घायल

**रतनपुरी।** गांव मुजाहिदपुर में बृहस्पतिवार की अल सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट और खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची रतनपुरी पुलिस ने सभी घायलों को खतौली सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। एक पक्ष के नीतिश ने बतलाया कि वह अपने पिता अरविन्द संग भैंसा बुग्गी लेकर खेत में जा रहा था। गांव के रास्ते में अचानक से गांव के दर्जनों युवक आए। आते ही उसके ताऊ चंद्र प्रकाश व पिता अरविन्द पुत्रगण राम सिंह को धारदार हथियारों से वार कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से दोनों घायलों को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

# भाई दूज का पर्व कस्बे-क्षेत्र में धूमधाम से मना

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में भाई दूज का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक है।

जिसमें बहन ने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिए और उनकी रक्षा का वचन दिया। दीपावली के पांच दिवसीय त्योहार के अंतिम दिन मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर सुबह से ही खासा उत्साह देखा गया। जिन बहनों के भाई उनके पास नहीं पहुंच सके वे स्वयं भाइयों के घर तिलक करने पहुंची। कई बहनों ने विधि विधान से भैया दूज की कथा सुनकर व्रत रखा और भाई को तिलक लगाने के बाद ही उपवास तोड़ा। इस पर्व से जुड़ी एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया से यमराज व यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को यमराज अपनी बहन यमुना के पास पहुंचे जहां यमुना ने उन्हें तिलक लगाया। यमराज ने प्रसन्न होकर यमुना को आशीर्वाद दिया कि जो भी भाई बहन इस दिन यमुना नदी में स्नान करेंगे उन्हें दीर्घायु प्राप्त होगी। बुढ़ाना सहित अन्य सभी गांवों में यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुल मिलाकर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में भैय्या दूज का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मना।



# भजन-जयकारों से गूंज उठा सामूहिक गोवर्धन पूजास्थल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कान्हा गोशाला बुढ़ाना में धूमधाम से सामूहिक गोवर्धन पूजा हुई। जिसमें चारों और सुंदर सजावट के साथ गोवर्धनजी के भजनों की गूंज रही। पूजन में नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा उमा त्यागी मुख्य यजमान रही। पूजन महाराज विवेकमणि ने कराया। आरती बाद गोवर्धन गिरधारी जी की भव्य आकृति की परिक्रमा हुई।

फिर अन्नकूट प्रसाद बांटा गया। नगर पंचायत की ओर से कई वर्षों से सामूहिक गोवर्धन पूजा आयोजित की जा रही है और लगातार इस आयोजन को भव्यता प्रदान की जा रही है। यहां सपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद त्यागी, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, डीसीडीएफ मुजफ्फरनगर के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी, ईओ आलोक रंजन, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष संजीव वर्मा, व्यापारी नेता राजेश संगल, आदेश गर्ग, तनवीर कुरैशी, रालोद नेता बालकिशोर त्यागी, सुरेन्द्र सहरावत, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, अंकुर संगल, सीताराम कश्यप, अमित गर्ग, सुरेंद्र पांचाल, गौरव शर्मा, संयम पंवार, हिमांशु संगल, सोमांश संगल, योगेश मित्तल, अनुज संगल, सभासद इमरान कुरैशी, सलीम कुरैशी, बालू कुरैशी, प्रवीण कुमार, लक्ष्मण वाल्मीकि, राकेश पाल, नितिन पंवार, राजू पांचाल, ठेकेदार राधेश्याम, लाला रेवड़ि, रवि वर्मा, दीपक प्रजापति, सत्यपाल सिंह, बिट्टू, सचिन पाल, राहुल अग्रवाल, पवन गोयल, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, अनिल वर्मा, पुनीत शर्मा, प्रशांत शर्मा, सागर, दीपक



सैनी, शिव कुमार सैनी, मनोज सैनी, टोनी सैनी, धर्मवीर त्यागी, पंकज गर्ग, चिंटू संगल, सुबोध त्यागी पछाला, रोहित त्यागी, शुभम कात्यान, नरेंद्र त्यागी, विद्यानंद त्यागी, गगन वर्मा, अनिल वर्मा, लोकेश पंडित, जनेश्वर सैनी, अभिषेक त्यागी, सुरेंद्र पांचाल, मोनू यादव, अंकित त्यागी, अवि त्यागी, अरविंद कुमार, सचिन त्यागी आदि मौजूद रहे।

# नदी से मासूम का शव बरामद, कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** मसूरपुर क्षेत्र के गांव नावला में काली नदी में खेलते समय डूबे चार वर्ष के बच्चे का शव कई घंटो बाद बरामद हुआ है। घटना के समय से ही पुलिस व ग्रामीण गोताखोरो के साथ से नदी में शव की तलाश कर रहे थे।

इस घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतक बच्चा अपने पिता के साथ खेत पर गया था।

ग्राम नावला निवासी रिजवान एक गरीब किसान है। बताया जाता है कि गत दिवस वह अपने खेत पर परिवार के अन्य लोगों के साथ काम करने गया था। इस दौरान रिजवान के साथ उसका चार साल का बेटा रुहान भी था। रिजवान व परिवार के अन्य लोग खेत के काम में व्यस्त थे। इसी बीच चार वर्ष का रूहान खेलते समय काली नदी की ओर चला गया था। काफी देर तक परिवार के लोगों ने



कोई ध्यान नहीं दिया जब काम से निपटे तो रिजवान व उसके परिवार के लोगो का ध्यान गया कि रूहान खेत पर नहीं है। सभी लोगों ने उसकी तलाश शुरू की और धीरे-धीरे यह मामला पूरे गांव में फेल गया। जहां किसान के बेटे रूहान की तलाश के लिए पूरा गांव जंगल में पहुंच गया। सूचना के बाद मंसूरपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची इस समय रूहान को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे थे, जबकि परिवार व कुछ लोगों का अंदाज था कि मासूम रूहान काली नदी में खेलते समय डूब गया है। गांव के जिम्मेदार लोग गोताखोर के साथ मिलकर काली नदी में बच्चे की तलाश करने लगे, लेकिन रात तक भी रूहान नहीं मिला।

बताया जाता है कि आज सवेरे गुरुवार को भी बच्चे की तलाश शुरू की गई जहां गोताखोरो ने सर्च ऑपरेशन चलाया और दिन के सवेरे करीब दस बजे खेत से करीब एक किलामीटर दूर जाकर बच्चे का शव एक गहरे कुंड में मिला। रूहान का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि परि. जनो ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया जहां नम आंखो से मासूम रूहान का शव सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# मावा आढ़ती की बैठक में कृष्ण गोपाल का बहिष्कार

**मुज़फ्फरनगर।** मावा आढ़ती एसोसिएशन की बैठक में व्यापारियों ने कृष्ण गोपाल मित्तल का बहिष्कार करते हुए सभी ने एक साथ कहा कि हम कृष्ण गोपाल का बहिष्कार करते है।

प्राचीन मावा मंडी के छोटे मावा व्यापारी है तथा संगठन के सदस्य हैं हमारा कहना है कि कृष्ण गोपाल मित्तल जो अपने को व्यापारी नेता कहता है छोटे व्यापारियों की ही खिलाफत करता है उसने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दिनेश बंसल व अनिल तायल छोटे व्यापारियों को मावा बेचते है फिर छोटे व्यापारी आगे सप्लाई करते हैं यह बिल्कुल गलत है मावा हमारी मंडी में बनता ही नहीं है मावा गांव से बनकर मावा निर्माता मंडी में लाते हैं जो मावा निर्माता जिसकी दुकान से एडवांस लेते हैं वह उसी की दुकान पर मावा लेकर आता है इसमें कोई भी छोटा बड़ा व्यापारी नहीं है सभी का व्यापार सीधे गांव से लाने वाले मावा निर्माता से है जहां तक दिनेश बंसल अनिल तायल की बात है वह व्यापारी नेता है और अगर कभी भी कोई बात हमारी मंडी में किसी भी प्रकार की होती है। हम सभी उनसे बात करके उस समस्या का समाधान करवाते हैं हम सभी व्यापारी नकली मावे के खिलाफ हैं कृष्ण गोपाल मित्तल ने प्रशासन को भ्रमित करने की कोशिश की हैं पता नहीं कृष्ण गोपाल की इसके पीछे क्या मनसा है वह क्या चाहता है हम उसकी मनसा पूरी नहीं होने देंगे हम सब मावा आढ़ती एक हैं और किसी भी प्रकार को किसी पर भी आंच नहीं आने देंगे कृष्ण गोपाल मित्तल के द्वारा जो गलत कार्य किए जा रहे है उनका जल्द खुलासा करेंगे इसमें निम्न उपस्थित रहे अशोक कुमार, प्रियंक कुमार, पवन कुमार, रवि कुमार तायल, रविंद्र कुमार मित्तल, संजीव तायल, राकेश कुमार, आशीष कुमार बंसल ,अशोक कुमार मुकेश जैन आदि।

# दीपावली पंच महोत्सव पर जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** दीपावली पंच महोत्सव के अवसर पर आगामी सर्दी को ध्यान में रखते हुए ग्राम टिकोला के पूर्व प्रधान चौधरी नाहर सिंह एडवोकेट ने मानवता का परिचय देते हुए गांव की विधवा, वृद्धा और दिव्यांग महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल वितरित किए। कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में किया गया।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सुंदर गिरी, प्रेमपाल, विजयपाल, इंद्रपाल, मिंटू, सागर, जगमाल और सोनू ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कंबल प्राप्त करने वालों में संतोष, मुनेश, सुखबीर, सुक्कन, महेंद्री, प्रेमवती, राजबाला, संतोष कुमारी,



राजकली सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधान नाहर सिंह एडवोकेट ने बताया कि दीपावली का वास्तविक अर्थ जरूरतमंदों के जीवन में प्रकाश लाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले सप्ताह में भी गांव की कुछ और जरूरतमंद महिलाओं और पुरुषों को कंबल वितरित किए जाएंगे, ताकि कोई भी सर्दी में ठिठुरने को मजबूर न हो। उनके इस मानवीय कार्य की ग्रामीणों ने सराहना की और आभार व्यक्त किया।

# भाईदूज पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर की दीर्घायु की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** दीपावली पर्व की श्रृंखला में भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक पर्व भाईदूज पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों के घर जाकर तिलक लगाया और उनके दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को प्रेमपूर्वक वस्त्र, मिठाइयाँ और उपहार भेंट किए। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जो भाई इस दिन अपनी बहन के घर जाकर भोजन करता है, वह यमपुरी जाने के भय से मुक्त हो जाता है। वहीं, जो व्यक्ति यमुना नदी में स्नान कर बहन से तिलक कराता है, उसे स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

इस पवित्र अवसर पर पूरे नगर में दिनभर त्यौहार की चहल-पहल बनी रही। बाजारों और मिठाई की दुकानों पर भी सुबह से ही भीड़ देखने को मिली। लोगों ने एक-दूसरे को भाईदूज की शुभकामनाएँ दीं और त्यौहार की खुशियाँ साझा कीं। वहीं, बस अड्डों और सड़कों पर भी यातायात का दबाव बढ़ा, जिससे यात्रियों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सभी ने भाई-बहन के इस प्रेमपूर्ण पर्व को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया, जिससे पूरे क्षेत्र में सौहार्द और पारिवारिक अपनापन का माहौल बना रहा।



मीरापुर: भाई के माथे पर तिलक लगाकर लम्बी उम्र की कामना करती बहन।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति की पिटाई

**रतनपुरी।** छेड़छाड़ के मामले में आरोपियों ने महिला के पति की पिटाई कर दी। बीती 21 अक्टूबर को रतनपुरी थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण की भाभी को गांव टोडा निवासी देवेन्द्र पुत्र सतपाल ने छेड दी थी। तब महिला के पति अनुज कुमार ने इस बात का विरोध किया तो देवेंद्र ने अपने भाई जोगेंद्र और प्रमोद पुत्र तेजपाल के साथ मिलकर अनुज और उसके भाई को पीटकर घायल कर दिया और पुलिस में बताने पर हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गये। रतनपुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री राजेन्द्र कुमार गोयल, पुत्र स्व0 श्री फेरचन्द अग्रवाल, निवासी-60/84, लक्ष्मण विहार, तहसील व जनपद-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र संख्या-MZDA/BP/COMP/25-26/0330 के द्वारा अपनी भूमि मौहल्ला-सिविल लाईन दक्षिणी, जिला-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के कुल क्षेत्रफल 126.54 वर्गमी0 पर "विद्यमान व्यावसायिक/होटल" के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल मौहल्ला-सिविल लाईन दक्षिणी, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031(पुनरीक्षित) के अनुसार 25 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोड़ने के उपरान्त "निर्मित क्षेत्र" भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15(आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2(मैट्रिक्स) के 2.5 के अनुसार "निर्मित क्षेत्र" भू-उपयोग के अन्तर्गत "होटल" की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग(भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल(mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/ सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

# बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर की दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक भैया दूज का पर्व क्षेत्र में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर अक्षत-रोली का तिलक कर आरती उतारी, मिठाई खिलाई और उनके दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर रक्षा का संकल्प लिया।सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ रही। बहनों ने भाइयों के लिए मिठाई, गोला, खील-बताशा और उपहार खरीदते हुए दुकानों पर चहल-पहल बनाए रखी। साड़ियों, रेडीमेड गारमेंट्स व सराफा बाजार में भी जबरदस्त खरीदारी देखने को मिली।व्यापारियों के अनुसार दीपोत्सव के अंतिम दिन गोला व मिठाइयों की बिक्री कई गुना बढ़ गई। त्योहार पर घर-घर जाकर तिलक करने की परंपरा



के चलते परिवहन सेवाओं पर भी दबाव बढ़ा रहा। रोडवेज ने बसों के अतिरिक्त चक्कर लगाए, बावजूद इसके बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ बनी रही। कई यात्रियों को बसों में खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी।

टैक्सी स्टैंड पर भी टैक्सियों की कमी महसूस की गई। खतौली कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र में बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना के साथ तिलक का पर्व धूमधाम से मनाया। एक दिन पूर्व से ही भाइयों के बहनों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। गुरुवार को भी बस स्टैंड पर सीटें फुल होने से यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। बहनों ने भाइयों का तिलक कर नारियल व मिठाई भेंट की, वहीं भाइयों ने बहनों को वस्त्र व अन्य आकर्षक उपहार दिए।

खतौली क्षेत्र में सुबह से ही भाइयों के बहनों के घर पहुंचने का क्रम जारी रहा। खील-बताशे और मिठाइयों के आदान-प्रदान के साथ प्यार भरे इस पर्व ने सभी को भाव-विभोर किया। हालाँकि कई ग्रामीण मार्गों की खस्ता हालत के कारण लोगों को यात्रा में असुविधा का सामना करना पड़ा और कुछ स्थानों पर प्राइवेट बसें नहीं चलीं। यात्रियों को डग्गामार वाहनों व ई-रिक्शा का सहारा लेना पड़ा।

# दीपावली उत्सव में होनहार छात्रों को सम्मानित किया

**मुजफ्फरनगर।** फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा भव्य दीपावली उत्सव का आयोजन होटल सॉलिटेयर, मेरठ रोड पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे मंत्री कपिल देव अग्रवाल, फेडरेशन अध्यक्ष नीलकमल पुरी, राकेश बिंदल (बिंदल ग्रुप), भीमसेन कंसल (सिद्धबली ग्रुप), आकाश कुमार (एस.डी. ग्रुप), सतीश गोयल (टिहरी ग्रुप), पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं विकास स्वरूप द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित चौधरी (वसुंधरा रेजिडेंसी), सुनील गोयल (न्यूमैक्स), हरीश मित्तल (अंकुर फर्टिलाइज़र) तथा अक्षत जैन (अपोलो डायग्नोस्टिक्स) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष नीलकमल पुरी द्वारा मोमेंटो भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम राजस्थानी थीम पर आधारित था, जिसमें राजस्थान के कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। ये कार्यक्रम उपस्थित परिजनों और सदस्यों को अत्यंत पसंद आए। उत्सव में तंबोला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इनाम वीतराग, नेहा साड़ी, नंदी बेक स्टूडियो और अकिवा इंडस्ट्री, बॉडी स्टेशन द्वारा प्रदान किए गए। पंक्चुअलिटी अवार्ड लकी ड्रॉ अवार्ड,ऊंट की सवारी आदि आकर्षण रहेफेडरेशन की परंपरा अनुसार इस अवसर पर शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10 में मुजफ्फरनगर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कुमारी अनु सिंह को स्व. नेकीराम गर्ग मेमोरियल पुरस्कार दिया गया। कुमारी दिव्यांशी यादव को स्व. आदीश कुमार जैन मेमोरियल पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा 12 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले अभिषेक शर्मा को स्व. मोहन प्रकाश बंसल अवार्ड से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीपावली सभी धर्मों द्वारा मनाया जाने वाला पर्व है, जो एकता, प्रेम और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन परिवार इस पर्व को हर वर्ष सामूहिक रूप से परिवार के साथ मनाता है। कार्यक्रम का संचालन फेडरेशन सचिव अभिषेक अग्रवाल ने किया तथा अतिथियों का स्वागत सह सचिव आशीष गर्ग द्वारा किया गया, कोषाध्यक्ष आशीष बंसल ने सभी प्रायोजकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त कीइवेंट अध्यक्ष अंकुर गर्ग और अंकित संगल रहे, जबकि सागर वत्स एवं श्रेय गोयल ने कार्यक्रम का संयोजन किया।कार्यक्रम में नगर की जानी-मानी



हस्तियाँ जैसे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, सागर वत्स, संजीव जैन (गर्ग डुप्लेक्स), सुधीर गोयल, नरेश शर्मा, रविंदर अरोड़ा, राधेश्याम शर्मा, रवि नंदन, नवनीत गोयल, एड. लोकेश तायल, एड. निपुण मित्तल, सत्य प्रकाश, रेशु, तुषार गुप्ता, एडवोकेट मोनू मित्तल, संजय मित्तल, अशोक मित्तल, अमित कुमार गर्ग एडवोकेट ,सहित अनेक उद्यमी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने परखी जानसठ सीएचसी की व्यवस्था

■ दवाईयों की वैधता तिथि पर दिया विशेष ध्यान

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानसठ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुनील तेवतिया ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण, प्रसव कक्ष, आपातकाल. ीन सेवाओं तथा अभिलेख संधारण व्यवस्था का गहन अवलोकन किया।



उन्होंने विशेष रूप से फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच की तथा फायर सिलेंडरों की वैधता (दवाईयों की वैधता तिथि) की जांच स्वयं की। डॉ. तेवतिया ने यह निर्देश दिए कि सभी फायर सेफ्टी उपकरण सदैव कार्यशील अवस्था में रखे जाएं, और जिन सिलेंडरों की वैधता समाप्त हो चुकी है, उन्हें तत्काल बदलवाया जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल स्टाफ को निर्देशित किया कि रोगियों को दी जाने वाली सभी चिकित्सा सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी कहा कि अस्पताल में उपलब्ध सभी आवश्यक दवाइयां, चिकित्सा उपकरण एवं एम्बुलेंस सेवाएं सदैव क्रियाशील रखी जाएं, जिससे जनता को समय पर उपचार एवं सुविधा मिल सके। निरीक्षण के अंत में डॉ. सुनील तेवतिया ने आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए और निर्धारित समय सीमा में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज

**मंसूरपुर।** क्षेत्र के विभिन्न गांव में भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर मंगल कामना की।भाइयों ने बहनों को उपहार दिए।



## पुलिस ने वारंटी को बंदूक सहित किया गिरफ्तार

**मीरापुर।** थाना रामराज पुलिस ने वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस टीम हुसैनपुर चौराहे के निकट चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति वहां घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 12 बोर की एक बंदूक और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वेदपाल उर्फ बबलू पुत्र रेशम निवासी ग्राम लालपुर रहड़वा थाना रामराज बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया।

# व्यापारियों ने की विकुल पर रासुका लगाने की मांग

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल के छोटा बाजार में स्थित प्रतिष्ठान पर आज बृहस्पतिवार की दोपहर बुढ़ाना कस्बे के काफी व्यापारियों की एक आपात बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश संगल ने कहा कि विगत दिवस जनपद मेरठ में भाजपा नेता विकुल चपराणा द्वारा वैश्य समाज के एक व्यक्ति और व्यापारी सत्यम रस्तोगी को बीच सड़क पर सैंकड़ों लोगों और पुलिसकर्मियों के सामने नाक रगड़वाई गयी। वायरल वीडियो में विकुल चपराना खुद को राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर का भाई बताते हुए कारोबारी को धमकाता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि विकुल चपराणा को भाजपा से हटा देना कोई बड़ी सजा नहीं है इस पर रासुका लगाई जाए नहीं तो वे आगामी 27 अक्टूबर को बुढ़ाना तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम बुढ़ाना को एक ज्ञापन सौंपेंगे। यहां पर मौजूद सभी व्यापारियों ने उक्त घटना पर गहरा रोष जताया और विकुल की गिरफ्तारी की मांग की। बैठक में राजेश संगल, राकेश कपूरगढ, अनुराग संगल, विकास गर्ग, संजय बंसल, नितिन जैन, आनंद जैन, राहुल संगल, विक्की बंसल, रविंद्र अग्रवाल, अनिल जैन, सोमांश संगल व अनु जैन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# बीपीईएस की छात्रा तनु रानी को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्रा तनु रानी को डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोटर्स फाउंडेशन द्वारा उनके खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये डा भीमराव अम्बेडकर पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि डा भीमराव अम्बेडर पुरस्कार 2025 सम्मान समारोह 14 अक्टूबर 2025 को प्दकपं प्दजमतदंजपवदंस ब्मदजतम छमू क्मसीप में आयोजित किया गया। जिसमें श्रीराम कॉलेज के बीपीईएस की छात्रा तनु रानी द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज,चेयरमैन, डा0 एससी कुलश्रेष्ठ, द्वारा छात्रा तुन रानी का महाविद्यालय आगमन पर सम्मान किया गया तथा उन्हे प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ0 प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ने छात्रा तनु रानी को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी सफलताओं के नित नये आयामों पर पहुँच रहे है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विजयी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान, डीन प्रबंधन डा0 सौरभ मित्तल, एचआर पंकज कुमार, डा अशफाक अली, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्तागण भूपेन्द्र कुमार, डा0 अब्दुल अजीज खान,, संदीप देशवाल, अमरदीप, तरूण आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकदमा दर्ज कराने को वृद्ध खा रहा है धक्के

**बुढ़ाना।** लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी एक बुजुर्ग को इंसाफ नहीं मिल पाया है। पीड़ित अपना मुकदमा दर्ज कराने के लिए फुगाना थाना के चक्कर काट रहा है लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सराय में दूसरे समुदाय के दबंगों द्वारा एक बुजुर्ग व्यक्ति की पहले तो बीती 11 अक्टूबर को जमकर पिटाई की गई। जिसमें बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित बुजुर्ग द्वारा सराय चौकी पर एक तहरीर दी गई तो चौकी प्रभारी ने कार्यवाही करना तो दूर की बात दोनो का चौकी पर समझौता करा दिया और फैसले में रखी गई रकम पीड़ित को नही मिली। पीड़ित का आरोप है कि पूरी रकम सराय चौकी प्रभारी ने रख ली। फिर उसके बाद जब पीड़ित गांव में गया तो उसके साथ दोबारा से फिर मारपीट की गई। जिसके निशान पीड़ित के शरीर पर दिख रहे हैं। पीड़ित बुजुर्ग ने थाने में तहरीर दी तो कोई कार्यवाही नहीं हुई। इंसाफ के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा बुजुर्ग व्यक्ति अब उच्च अधिकारियों से आस लिए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का इंतजार कर रहा है। बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा चौकी प्रभारी पर गंभीर आरा. प लगाए गये हैं। इस संबंध में फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने जांच किए जाने की बात कही है।

### महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**जानसठ।** क्षेत्र के गांव दाहखेड़ी में पुलिस व एंटी रोमियो टीम के द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जिसमें विधवा पेंशन, योजना वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराया। थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि बालिकाओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए उनको विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि नम्बरों तथा बहन बेटियों व लोगों को अनजान नम्बर वाले व्यक्तियों को ओटीपी ना देने व एपीके फाइल डाउनलोड ना करने तथा अनजान कॉल करने वाले व्यक्तियों के प्रलोभन में न आने के सम्बन्ध में जागरूक किया तथा पंपलेट भी वितरित किए गए।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा आरोपी दबोचा

**बुढ़ाना।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक वांछित अभियुक्त मोनू पुत्र कैलाश निवासी ग्राम एलम थाना कांधला जिला शामली को मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर बायवाला चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 4 दिन में हुई 2 बाइक चोरी, चोर के हौंसले हुए बुलंद

**बुढ़ाना।** अभी 04 दिन पहले ही एक ग्रामीण की चोरी हुई मोटर साइकिल का बुढाना पुलिस ने कोई सुराग नहीं निकाला था कि अज्ञात चोरों ने एक अन्य स्थान से दूसरी मोटर साइकिल भी चोरी कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया। बीते 20 अक्टूबर की सुबह लगभग 11 बजे हरि ओम पुत्र जय कुमार निवासी मौहल्ला दयानन्द नगर शामली अपनी मोटर साइकिल पर अपने पिता को लेकर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भसाना में मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित देवी माता जी के मंदिर व पीर पर पूजा करने के लिए आया हुआ था। उसने मंदिर के बाहर मोटर साइकिल खड़ी कर दी थी और अपने पिता को मंदिर के अन्दर लेकर चला गया था। पूजा करने के पश्चात जब वह मंदिर से बाहर आया तो उसकी मोटर साइकिल मौके से गायब थी। उसने आसपास के लोगों से अपनी मोटर साइकिल के बारे में पूछा तो पता लगा कि उसकी मोटर साइकिल अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इससे एक दिन पहले भी अज्ञात चोरों ने बुढ़ाना कस्बा चौकी के समीप स्थित एक हस्पताल के बाहर खड़ी हुई एक ग्रामीण की भी मोटर साइकिल उस समय चोरी कर ली थी जब वह हस्पताल में किसी मरीज को देखने के लिए आया हुआ था। जिसका आज 5 दिन बीतने पर भी कोई सुराग नहीं लगा है और ना ही बुढ़ाना पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# गन्ना मंत्री करेंगे स्वतंत्रता सेनानी की पुस्तक का विमोचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के बड़ौत रोड पर स्थित करण फार्म हाउस के आनर ब्रजपाल सिंह सहरावत ने आज बृहस्पतिवार के दिन मीडिया को लिखित रुप से एक जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता स्वर्गीय करण सिंह सहरावत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस की आजाद ए हिंद फौज में भर्ती होकर देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। ब्रजपाल सिंह सहरावत ने बताया कि इसी संदर्भ में अब आगामी 25 अक्टूबर को करण फार्म हाउस में उनके पिता करण सिंह सहरावत के जीवन पर लिखी गई एक पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह उक्त पुस्तक का विमोचन करेंगे।

इस पुस्तक में स्वतंत्रता सेनानी के जीवन और संघर्ष के बारे में सटीक जानकारी दी गई है। श्री सहरावत ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है।

इस कार्यक्रम में कस्बे और क्षेत्र के गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। पुस्तक के विमोचन को लेकर लोगों में अच्छा खासा उत्साह है और उनको उम्मीद है कि सभी को यह पुस्तक पसंद आएगी और उसमें पिताजी के जीवन से जुड़े कई स्मरण भी होंगे।

# रेलवे अंडरपास में जलभराव पर भाकियू ( क्रांतिकारी ) का हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारी) की मुजफ्फरनगर टीम ने गुरुवार को गांव मढकरीमपुर स्थित रेलवे अंडरपास में जलभराव की समस्या को लेकर ब्रिज निर्माण कर रहे अधिकारियों का घेराव किया। ग्रामीणों ने बताया कि अंडरपास में पानी भरने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। घेराव के दौरान रेलवे अधिका. रियों ने दिन में दो बार पानी निक. ालने का आश्वासन दिया। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।इसी क्रम में भाकियू (क्रांतिकारी) कार्यकर्ताओं ने हवेली वेंकट हॉल टबिटा बाईपास पर अतिक्रमण को लेकर भी नारा. जगी जताई। वहां देवेन्द्र बागड़ी के मौजूद न होने पर टीम ने मौके पर मौजूद टेक केयर को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी

।इस मौके पर जगपाल सिंह (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), डॉ. संजय चौहान (जिला अध्यक्ष), मनोज सोम (जिला सचिव), देवकीनंदन शर्मा (तहसील प्रमुख सलाहक. ार), अधिराज सोम (ब्लॉक अध्यक्ष सेवा प्रकोष्ठ), उत्तम सोम (ब्लॉक सचिव सेवा प्रकोष्ठ), मो. हित शर्मा (ग्राम महासचिव मढकरीमपुर), सागर राणा (ग्राम सचिव सेवा प्रकोष्ठ), लक्की सिंह, हरिश शर्मा, राहुल सोम, गौरव सोम उर्फ गुल्लू, हिमांशु पंडीर, रोनी हाजीपुर आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**रतनपुरी।** कार ने बाइक में टक्कर मारकर बाइक चालक को घायल कर दिया। नीरज पुत्र प्रेम निवासी गांव अलीपुर अटेरना अपनी बाइक से खतौली को निकलकर अपने घर आ रहा था।

पीछे से आ रही कार के चालक ने कार की टक्कर बाइक में मार दी। जिसमें नीरज घायल हो गया। कार चालक ने कार को तेज गति से चला रखी थी क्योंकि कार के पीछे घायल नीरज का चचेरा भाई दीपक पुत्र जगेश्वर निवासी गांव अलीपुर अटेरना भी अपनी बाइक से अपने ही गांव जाने लग रहा था।

कार चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना की सूचना घायल नीरज के चचेरे भाई दीपक ने रतनपुरी पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर आकर घायल नीरज को हस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने नीरज को मेरठ रैफर कर दिया। चचेरे भाई ने कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

# संकट दूर करने का झांसा देकर बाबाओं ने दंपति को ठगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रतनपुरी।** दो ठगों ने बाबाओं का भेष बनाकर एक दंपत्ति को संकट दूर करने के नाम पर ठग लिया। बेचारे इस दम्पति के संकट तो क्या दूर होते अब इस घटना से और भी बढ़ गये हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों ठगों को तलाश शुरु कर दी है।

बुढ़ाना सर्किल के गांव डबल के खटपाल त्यागी पुत्र प्यारेलाल के घर पर बीती 17 अक्टूबर की सुबह दो लोग बाबा के भेष में आए। घर पर खटपाल व उसकी पत्नि कुंतेश मौजूद थी। दोनों बाबाओं ने दोनों पति पत्नि को संकट दूर करने के बारे में बताया ओर अपना फोन नंबर देते हुए कहा कि पानी लेकर आओ। दंपत्ति ने पानी लाकर दिया तो कुछ देर तक दोनों बाबा पानी को हाथ में लिये रहे। कुछ देर बाद वही पानी दोनों को पीने के लिए देते हुए कहा कि आपके शरीर में जो भी दर्द ओर रोग है वह दूर हो जायेगा।

तब दोनों ने पानी पी लिया। पानी पीते ही दोनों पति पत्नि बेहोश हो गये। तब दोनों बाबाओं ने मौका पाकर 21 सौ रुपये की नगदी, गले की सोने की चेन और सोने की दो अंगुठियां लेकर फरार हो गये। कुछ देर बाद होश में आने पर दंपत्ति को ठगे जाने का पता लगा तो उन्होंने एक बाबा के नंबर पर फोन किया तो बाबा ने फोन नहीं उठाया। उक्त घटना आसपास लगे कैमरों में कैद हो गयी। रतनपुरी पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज करते हुए दोनों ठग बाबाओं की तलाश शुरू कर दी है।

# डीएम ने अधिकारियों संग किया मेले की तैयारियों को लेकर निरीक्षण

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में कार्तिक गंगा स्नान मेला को लेकर डीएम ने गुरुवार को अधिका. रियों के साथ मेला स्थल व गंगा घाट का निरीक्षण किया। डीएम ने गंगा घाट के दोनों तरफ तथा श्रद्धालुओं के डेरो तक प्रकाश के लिए लाइटें लगवाने व पयजल तथा जगह जगह पक्के शौचालय बनवाने के आदेश दिए।

जिला पंचायत के द्वारा आगामी दो से छह नवंबर तक कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का आयोजन किया जायेगा, जबकि मुख्य स्नान पांच नवंबर को होगा। गुरुवार को डीएम उमेश चंद्र मिश्रा, सीडीओ कमल किशोर कण्डारकर, एडीएम प्रशासन संजय कुमार शुकतीर्थ में पहंचे तथा एसडीएम जानसठ राहुल देव भट, अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, सीओ देवव्रत वाजपेयी, प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार के साथ गंगा घाट व मेला स्थल का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि गंगा घाट के दोनों तरफ तथा श्रद्धालुओं के डेरो तक रोशनी के लिए लाइटें लगवाई जाए। शौचालय, पेयजल व स्वच्छता के विशेष प्रबंध रहेंगे, पहले से बेहतर सुविधाएं श्रद्धालुओं को दी जाएं इसके लिए प्रयास किये जाएंगे। गंगा घाट पर बडी स्क्रीन पर नगरी के इतिहास को दिखाया जाएगा। इसके लिए श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान श्री गंगा सेवा समिति के मैनेजर देवेंद्र आर्य, अक्षय शर्मा, विनोद शर्मा, प्रवीण कुमार लेखपाल मौजूद रहे।



## साक्षी वेलफेयरट्रस्ट ने बांटा गरीबों को भोजन



**मुजफ्फरनगर।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा गोवर्धन पूजा के अवसर पर शामली रोड नदी के पुल के पास अन्न दान सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रदान किया

साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गोवर्धन पूजा के अवसर पर अन्न दान सेवा कर जरूरतमंदों को प्रसाद वितरण किया साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने बताया कि ट्रस्ट बेसहारा व उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सेवा करना और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना है।

# भोकरहेडी इंटर कॉलेज में लगेगा एनसीसी का दस दिवसीय कैंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** कस्बा भोकरहेडी के इंटर कालेज में 82 यूपी बटालियन एनसीसी के द्वारा दस दिवसीय एनसीसी कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर यूनिट के 550 कैडेट्स प्रतिभाग करेंगे। जिसकी तैयारी जोरो से की जा रही है।

एनसीसी के लेफ्टिनेंट अमित राणा ने बताया कि कमांडिंग आफिसर कर्नल प्रवीण भाल विशिष्ट सेना मेडल के निर्देशन में 25 अक्टूबर से तीन नवंबर तक कैंप का आयोजन होगा। जिसमें जनपद मेरठ, सहारनपुर एवं मुजफ्फरनगर जनपद की 11यूनिट के लगभग 550 कैडेट्स भाग लेंगे। जिसमें गणतंत्र दिवस परेड के लिए कैडिट की ट्रेनिंग होगी, इस ट्रेनिंग में गार्ड ऑफ ऑनर ,कर्तव्य पथ ,पीएम रैली, फ्लैग एरिया कंपटीशन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कंपटीशन के लिए बच्चों को तैयार किया जाएगा। साथ ही साथ सी एटीसी 263 कैंप कैडेट भी प्रतिभागी करेंगे, जिसमे बच्चों को ड्रिल वेपन ट्रेनिंग और फायरिंग की तैयारी कराई जाएगी, एक अन्य प्रतिस्पर्धा में सीडब्ल्यूएस के अंतर्गत बेस्ट कैडेट चुने जायेंगे यह एक सिलेक्शन कैंप होगा। कैंप में 70 से अधिक सैन्य कर्मचारी मौजूद रहेंगे, प्रत्येक दिन की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी तथा यहां से चुने गए केडेट मेरठ कैंप में प्रतिभाग करेंगे।



# जिपं की भूमि ठेके पर लेने वाले से दुखी हुए गौशाला संचालक

**बुढ़ाना।** माधव गौशाला परासौली की बराबर में पड़ी हुई जिला पंचायत की भूमि को ठेके पर लेने वाले ठेकेदार पर गौशाला संचालकों को खूब परेशान करने का आरोप लगा है। अब इस मामले में गौशाला के संचालक छोटा सैनी ने बताया कि जिला पंचायत की भूमि को गौशाला में लिए जाने के आद. ेश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्कालीन डीएम को उस समय दिए थे जब इस गौशाला का निर्माण कार्य चल रहा था लेकिन अब जमीन गौशाला को उक्त ठेकेदार के विरोध के चलते नहीं दी जा रही है। ठेकेदार अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। इसलिए वे भी ज्यादा कोशिश नहीं कर रहे हैं। इस ठेकेदार के द्वारा उगाई जा रही फसलों का पानी खेतों से टूटकर उनकी गौशाला में हर दूसरे तीसरे दिन आ रहा है। जिसके चलते वे बहुत ही परेशान हैं। ठेकेदार उनसे हर वक्त झगड़े की लालसा रखता है। यह जमीन जिला पंचायत के अधिकारियों ने इसी व्यक्ति को सेटिंग करके दी हुई है। गौशाला के संचालक ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक शिकायत भेजते हुए आग्रह किया है कि वे जिला पंचायत की इस भूमि को गौशाला में दिलवाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दें नहीं तो यह ठेकेदार उनको इसी तरह से अपनी मनमानी कर परेशान करता रहेगा। इस संबंध में जब बीडीओ से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि जिला पंचायत कुछ भूमि को गौशाला में दिए जाने का कोई ऐसा आदेश उनके पास नहीं है।

## तमंचे से फायर कर युवक की हत्या का प्रयास

**बुढ़ाना।** दबंगों ने एक युवक की हत्या का प्रयास किया। सुहैल मलिक पुत्र यामीन निवासी मौहल्ला करबला रोड ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वो अपने परिजनों संग बीती बुधवार की रात घर के बाहर खड़ा था। उसी समय एक आल्टो कार आई। जिसमें कस्बा निवासी जुनैद पुत्र हाजी अन्नू व इमाद तेजी से गाडी चलाकर आये। उसने दोनों से गाडी धीरे चलाने की बाबत कहा कि यहां सड़क पर छोटे बच्चे खेल रहे हैं और आप तेजी से गाडी चला रहे हो। कोई घटना हो सकती है। बस इसी बात से नाराज होकर दोनों ने उसो गालियां देनी शुरु कर दी और फोन कर अपने परिजनों व दोस्तों को बुला लिया। तब वहां दर्जनों लोग आ गये। जिनमें हाजी अन्नू कुरैशी व हासिम पुत्रगण घसीटा, शाहवेज पुत्र हाजी अन्नू व आसिफ समेत अन्य कई लोग थे। ये लोग अपने हाथों में तमंचे, लाठी, डंडे लिए हुए थे। जुनैद के इशारा करते ही इमाद व अन्य लोग उसके साथ हत्या के इरादे से मारपीट करने लगे। इनसे बचकर वह भागकर अपने घर में घुसा तो ये लोग उसके ही घर में घुस गये और हत्या की नीयत से तमंचे से फायर किया। जिसमें वो बाल बाल बच गया। उसने व उसके परिजनों ने जब शोर मचाया तो पास के लोग मौके पर आए तो सभी हमलावर लोगों को देख गाली गलौज कर हत्या की धमकी देकर मौके से भाग गये। सुहैल को मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने हस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी हाजी अन्नू व उसके पुत्र शाहवेज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**खतौली।** थाना प्रभारी रतनपुरी के नेतृत्व में व उपनिरीक्षक जबर सिंह, कांस्टेबल ललित कुमार का0 व प्रमोद का0 की टीम ने गुरुवार को ग्राम टोडा में दबिश देकर अभियुक्त जोगिन्द्र पुत्र सतपाल एवं देवेन्द्र पुत्र सतपाल, दोनों निवासी ग्राम टोडा, थाना रतनपुरी, जनपद मुजफ्फरनगर को सुबह 8:30 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अदद फावड़ा के बेंटे (डंडे) बरामद किए। पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों ने हाथों में लाठी-डंडा लेकर वादी, उसके भाई एवं भाभी के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की थी, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वादी की भाभी के साथ छेड़छाड़ किए जाने का भी आरोप है।दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मिट्टी के विवाद ने ले ली जान, गांव में तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव वेदखेड़ी में बुधवार देर शाम मिट्टी को लेकर हुए एक हिंसक विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद गांव में तनाव के माहौल के बीच पुलिस ने भारी संख्या में फोर्स तैनात कर दी है और ड्रोन कैमरों के जरिए निगरानी शुरू कर दी है।

### छोटे विवाद ने लिया हिंसक रूप

घटना की शुरुआत बुधवार रात गांव वेदखेड़ी में हुई। बताया जा रहा है कि गांव निवासी इरफान के घर के बाहर सड़क पर पड़ी मिट्टी के कारण एक गाड़ी का निकलना मुश्किल हो रहा था। इसको लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही हिंसा में बदल गई। विवाद की सूचना मिलने पर बीच-बचाव करने पहुंचे 35 वर्षीय इदरीस (पुत्र कादिर) पर कथित तौर पर आरोपियों ने रॉड (लोहे की छड़) से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में इदरीस को गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

### परिवार ने फौजी सहित चार लोगों पर लगाए आरोप

मृतक इदरीस के भाई व गांव के पूर्व प्रधान यामीन ने कोतवाली में एक नामजद तहरीर देकर अजीत (फौजी), विकास, जोनी और सुमित नाम के चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।



### एक आरोपी गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

तहरीर के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए मुख्य आरोपी अजीत (फौजी) को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी वीरेन्द्र कसाना ने बताया कि शेष तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

### सीसीटीवी फुटेज आया सामने, हमलावरों की हरकत कैद

इस पूरी घटना का पूरा .श्य मौके के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। फुटेज में मुख्य आरा. पी अजीत द्धफौजीऋ को हाथ में लोहे की रॉड लिए हुए साफ देखा जा सकता है। कैमरे में विवाद के दौरान हुई गाली-गलौज भी रिकॉर्ड हुई है। यह फुटेज पुलिस की जांच में एक अहम सबूत बन गया है।

### गांव में कायम है तनाव, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

इस हत्या के बाद गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है।





हालात को नियंत्रण में रखने और किसी भी अनहोनी की आशंका को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया है। साथ ही, ड्रोन कैमरों के जरिए लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि स्थिति उनके नियंत्रण में है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी दो बच्चों को रोता बिलखता छोड गया। वहीं घटना दो समुदाय से जुड़े होने के कारण पुलिस अधीक्षक शामली एडिशनल एसपी क्षेत्राधिकारी कैराना सहित अन्य अधिकारियों ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली वही पीड़ितों को आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस तैनात है।

### आरोपी जेल भेजा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बुधवार रात गांव निवासी इरफान पुत्र गफ्फार के घर के बाहर सड़क पर पड़ी मिट्टी को लेकर गाड़ी निकालने के विवाद में दो





पक्षों में कहासुनी हो गई थी। इसी दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे इदरीस पर रॉड से हमला कर दिया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

मृतक के भाई पूर्व प्रधान यामीन की ओर से अजीत,विकास, जोनी और सुमित के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर एक आरोपी अजीत फौजी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सीओ श्याम सिंह कैराना ने बताया कि मामले की जांच जारी है और शेष आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में, वही गिरफ्तार आरोपी अजीत बारामुला जम्मू कश्मीर में बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर तैनात है तथा दीपावली की छुट्टी में घर आया था, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर का पार्ट बरामद कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार की दोपहर बाद मृतक इदरीस का शव गांव में पहुंचने पर परिवार जनों में कोहराम मच गया। शाम के शव को गांव के कब्रिस्तान में नम आंखों से सुपुर्दे खाक किया गया।

# सड़क हादसे में दंपति और बच्ची सहित पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर-स्योहारा हाईवे पर ग्राम सरकथल सानी के पास तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रण का शिकार हो गए। मुरादाबाद की ओर जा रही कार और सामने से आ रही मोटरसाइकिल में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दंपति, उनकी बच्ची और कार सवार दंपति घायल हो गए, जबकि एक ऑटो चालक भी घायल हुआ।

जानकारी के अनुसार वेगनार कार मुरादाबाद की ओर जा रही थी। सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार हरिओम सिंह (30 वर्ष) पुत्र गंभीर सिंह निवासी डॉ. अंबेडकर कॉलोनी थाना सिविल लाइन मुरादाबाद अपनी पत्नी काजल (30 वर्ष) और तीन वर्षीय पुत्री के साथ आ रहे थे। तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और सड़क किनारे उतर गए। पीछे से आ रहा एक ऑटो भी नियंत्रण खो बैठा और पलट गया।

कार में सवार रोहित पाल (32 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामकुमार निवासी ग्राम नसीरपुर बनवारी थाना धामपुर और उनकी पत्नी को हल्की चोटें आईं। वहीं मोटरसाइकिल सवार हरिओम सिंह को सिर और कान में गंभीर चोट आई है। उनकी पत्नी और पुत्री भी घायल हुई हैं।

सूचना पर धामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से आयुष्मान अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर रूप से घायल हरिओम सिंह को पाल अस्पताल धामपुर रैफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार हरिओम सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका एमआरआई कराया जा रहा है। उनकी पत्नी और बच्ची का भी उपचार वहीं चल रहा है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल इस मामले में किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। मामले की जांच जारी है।

## एक नजर

### फ्लाईओवर पर जाम से परेशानी

**नजीबाबाद।** एक समय था जब डबल फाटक रेलवे क्रॉसिंग दिन में अधिकांश समय बंद रहने से पूरी तरह से जाम की समस्या रहती थी। नजीबा. बाद को जाम से निजात दिलाने के लिए डबल फाटक पर फ्लाईओवर बनाया गया था। मगर अब इस फ्लाईओवर पर तीनों ओर से वाहनों के आने से आएदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम में फंसकर लोगों का गर्मी व धूप में बुरा हाल हो जाता है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन व सीकेआई चौराहे पर प्रतिदिन जाम से उधर से आने जाने वाले लोग काफी परेशान हैं। इन दोनों स्थानों पर पुलिस चौकी होने के बावजूद घंटों तक वाहन जाम में फंसे रहते है। रेलवे स्टेशन के आसपास व रोडवेज बस स्टैंड के बाहर जाम का मुख्य कारण काफी संख्या में रोडवेज बस चालकों के अपनी बसों को रोडवेज स्टैंड के अंदर ना ले जाकर बाहर खड़ी करके सवारियां भरना है, जिससे अन्य छोटे वाहन भी जाम में फंसे रहते हैं।

### अमन चौहान अरेस्ट

**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराधों के रोकथाम एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री तथा अपने साथ अवैध शस्त्रों को रखने वाले अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत चांदपुर पुलिस ने अमन चौहान पुत्र जितेंद्र निवासी मौहल्ला शहीद नगर निकट परी गार्डन कस्बा व थाना नूरपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अमन चौहान का चालान कर दिया।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा।** नौबहार सिंह पुत्र स्व. सुरेश सिंह निवासी ग्राम मुजफ्फरपुर थाना बिजनौर द्वारा दी तहरीर में बताया गया था कि अभियुक्त प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह ने उसकी पुत्री पूजा उर्फ शीला (20 वर्ष) को बहला-फुसलाकर भगा लिया था और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इस संबंध में थाना मुजफ्फरपुर पर मु.अ.सं. 409/2025, धारा 85/80(2) बीपीएसएल तथा धारा ¾ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त घटना के बाद से फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक पूर्वी धामपुर एवं क्षेत्राधिकारी धामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह को ग्राम मघुपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

### रामपाल सिंह महाविद्यालय में रंगोली प्रति.

**चंदक।** रामपाल सिंह महाविद्यालय चंदक में रंगोली प्रतियोगिता और सजावटी सामान का स्टाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह व सचिव तपराज सिंह देशवाल, डॉ. इला चौधरी, डॉ. शिवानी देशवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली, वॉल हैंगिंग, दिया स्टैंड, कैंडल, बंधरवाल आदि बनाए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी, आंचल, सोनाली, हिमानी, द्वितीय करूणा कश्यप, मोहिनी, आंचल, सोनाली, हिमानी, द्वितीय करूणा कश्यप, मोहिनी, हिमांशी व गायत्री, गरिमा, ईरम, तृतीय मंशा, आयशा, कशिश, हुमैरा व प्राची, टीना, पूनम पर रहे। कार्यक्रम में संध्या, हिमानी, निखिल, कुणाल निशु, साक्षी, अभिषेक, कुमकुम तनु, पूजा, अंजलि, मनु शुक्ला, श्वेता छात्र-छात्राओं ने अपना योगदान दिया। प्राचार्या रूबी सैफी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवक्ता श्रीमती मीनाक्षी राजपूत व डॉ. रेनू राजपूत, मोनिका सैनी, प्राची कुमारी, वर्षा, दीपक कुमार, डॉ. नीलम शर्मा, प्रिया मलिक, हिमानी रानी, शुभम कुमार, मनोज कुमार, नितिन कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### भैया दूज का पर्व मनाया

**नजीबाबाद।** भाई बहन के अटूट प्रेम व समर्पण का प्रतीक भैया दूज का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली, गौवर्धन का त्यौहार सकुशल संपन्न होने के बाद गुरुवार को भाई बहन के प्रेम का प्रतीक भाईदूज का त्यौहार अटूट रिश्ते व समर्पण की भावना के साथ सौहार्द से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित कर आरती उतार कर लंबी उम्र की कामना की। भाईयों को मिठाई खिलाकर गोला दिया।

### पहले टक्कर मारी, फिर हमला किया

**चंदक।** जिला पंचायत सदस्य मीनू वाल्मीकि के पति मनोज वाल्मीकि की बाइक दूसरी बाइक से टकराने को लेकर हुए विवाद में बाइक सवार युवकों ने मनोज पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को ग्राम मार्कंडेयपुरम उर्फ सुक्खापुर, थाना मंडावर निवासी जिला पंचायत सदस्य मीनू वाल्मीकि के पति मनोज वाल्मीकि दवाई लेने चंदक आ रहे थे। जब वह ग्राम बहादरपुर जट के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे एक बाइक सवार से टक्कर हो गई।

# मुनि ने पुण्य व पाप के अंतर को सरल उदाहरणों से समझाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में गुरुवार को मुनि 108 विव्रत सागर ने आत्मा में परमात्मा को देखने का महत्व बताया। मुनि ने पुण्य और पाप के अंतर को सरल उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया और कहा कि वास्तविक साधना तब शुरू होती है जब मनुष्य दूसरों की आत्मा में भी परमात्मा का दर्शन करने लगता है।

मुनि ने कहा कि पुण्य और पाप में यह विवाद हुआ कि कौन श्रेष्ठ है। प्रभु ने निर्णय दिया कि पाप बड़ा है, क्योंकि पुण्य को हर कोई चाहता है, परंतु पाप को कोई नहीं चाहता, फिर भी लोग पाप करते हैं। यह बताता है कि पुण्य को अपनाना कठिन है, जबकि राग और मोह सहज रूप से मनुष्य पर हावी हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु और मित्र से मिलने में भावनात्मक अंतर यह दर्शाता है कि लौकिक राग कितना गहरा है और आध्यात्मिक राग कितना सतही। मित्र से मिलते ही हम गले लग जाते हैं, जबकि गुरु के पास जाने से पहले सोचते हैं। यही संसारिक मोह की गहराई का प्रमाण है। मुनि ने समझाया कि आध्यात्मिक प्रगति में अक्सर मनुष्य 99 प्रतिशत डाउनलोड पर रुक जाता है। पूर्णता से बस एक कदम पहले जिससे मोक्ष की दिशा में यात्रा अधूरी रह जाती है।

उन्होंने कहा कि परमात्मा को मूर्तियों या मंदिरों में ढूंढने से पहले अपनी आत्मा में देखना चाहिए। मुनि ने कहा कि हमें ऐसी दृष्टि विकसित करनी चाहिए कि हम अपने पुत्र, पत्नी, पड़ोसी या शत्रु की आत्मा में परमात्मा को देख सकें, न कि उनके शरीर या लौकिक संबंधों से उत्पन्न राग-द्वेष को। इस अवसर पर प्रीति जैन, आशी जैन, लतिका जैन, शगुन जैन, मोहित जैन, सुनीता जैन, विनय जैन आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक, बाजारों में उतरी पुलिस टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थानाभवन पुलिस ने गुरुवार को महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व अपराध निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने किया, जबकि उनके साथ सी। लोकेश कुमार व हेड कांस्टेबल रविता चौधरी भी मौजूद रहीं।टीम ने थाना भवन कस्बे के मुख्य बाजारों में भ्रमण करते हुए महिलाओं एवं किशोरियों को जागरूकता पंपलेट वितरित किए। पंपलेट में महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 112, 181, 1930 आदि की जानकारी दी गई और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल रविता चौधरी ने उपस्थित महिलाओं



से संवाद कर उन्हें बताया कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या शोषण की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं डरें नहीं, डटकर बोलें मिशन शक्ति हर महिला के साथ खड़ी है। अपराध निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाना है। पुलिस का प्रयास है कि क्षेत्र की हर महिला को सुरक्षा और सहयोग का अहसास हो। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जा सके।इस दौरान पुलिस टीम ने दुकानदारों और राहग. ीरों से भी अपील की कि वे महिला सुरक्षा के मुद्दे पर जागरूक रहें और किसी भी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दे।

# राशन डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सल्फा निवासी ग्रामीण ने राशन डीलर पर राशन नहीं देने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जूठी है। थाना क्षेत्र के गांव सल्फा निवासी रामदयाल ने



गुरुवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह गांव के ही राशन डीलर के यहां अपना राशन लेने के लिए गया था। आरोप है राशन डीलर ने बहाना बनाते हुए कहा कि आपके बच्चों की केवाईसी नहीं हुई है जिस कारण राशन नहीं मिलेगा। पीड़ित ने राशन डीलर को बताया कि उसने केवाईसी करा रखी है इसके बाद राशन डीलर ने अपनी मशीन बंद कर ली और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर भगा दिया और कहां के दोबारा से राशन लेने के लिए आए तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित ने आरोपी राशन डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# दवाई लौटाने के विवाद में मारपीट, हकीम के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बाबरी थाना क्षेत्र के गांव बुटराडा के ग्रामीण ने हकीम पर दवाई लौटने पर आग बबूला होकर मारपीट करने व हत्या के धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने घटना के संबंध में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

बाबरी थाना क्षेत्र के गांव बुटराडा निवासी कासिम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि विगत 22 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरु निवासी हकीम नफीस पुत्र हाजी शीदा के पास पेट संबंधी हारमोन्स की दवाई चल रही थी, हजारों रूपए की दवाई खाने के बाद भी पीड़ित को आराम नहीं लग रहा था। जिसके चलते पीड़ित दवाई लौटाने गया था, लेकिन आरोपी ने न केवल दवाई लौटाई, बल्कि उग्र हो गया और मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा का सहारा लिया। पीड़ित के पास इस घटना की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। इसके अलावा, आरोपी ने कासिम की पत्नी ईशा के साथ भी आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया। घटना के दौरान धक्का-मुक्की और मारपीट भी हुई, जिससे पीड़ित परिवार में दहशत मे है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की घटना के संबंध में पीड़ित की तहरीर पर आरा. पी हकीम के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ई रिक्शा खड़ी करने को लेकर चालक व दुकानदार के बीच मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर मिठाई की दुकान के आगे ई रिक्शा खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच में मारपीट हो गई। मारपीट में ई रिक्शा चालक घायल हो गया दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कस्बे के नई बस्ती निवासी गफूर ने बताया कि वह ई रिक्शा चला कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गुरुवार को वह ई रिक्शा लेकर कस्बे के दिल्ली बस अड्डे पर गया था उसने अपनी ई-रिक्शा मिठाई की दुकान के आगे खड़ी कर दी। पीड़ित का आरोप है कि दुकानदार बोबी पीड़ित पर आग बबूला हो गया और पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरी और दुकानदार की मां फूलमती ने बताया कि ई रिक्शा चालक अपने कई साथियों के साथ पीड़ित की दुकान पर पहुंचा और उनकी दुकान में तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की। पुलिस ने घायल ई रिक्शा चालक का मेडिकल परीक्षण करा दिया है। और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# महिला ने लगाया ससुरालियों पर दहेज मांगने मारपीट करने और हत्या के प्रयास का आरोप

**थानाभवन क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति, सास, ससुर व दो जेठों पर लगाए गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** गंभीर आरोप लगाते हुए थाना भवन पुलिस को तहरीर दी है।पीड़िता महिला ने थाने मे तहरीर दी कि पीड़िता विवाह अप्रैल 2019 में मुस्लिम रीति-रिवाज से नया कुंडा, गंगोह जनपद सहारनपुर के एक युवक के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने लगभग 10 लाख रूपए खर्च करने के साथ सवा लाख रूपए नगद एक मोटरसाइकिल खरी. दने के लिए दिए थे इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं हुए और अतिरिक्त दहेज में ध्1 लाख नगद व बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर चार माह पूर्व उसके दो जेठों ने खाना बनाते समय घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और दुराच. ार का प्रयास किया। जब उसने यह बात अपने ससुर और पति को बताई तो उन्होंने उल्टा उसे ही धमकाते हुए कहा कि अगर दहेज की मांग पूरी नहीं की गई तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

पीड़िता ने बताया कि लगातार प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने पुत्र को लेकर मायके चली आई। बाद में रिश्तेदारी निभाने की नीयत से उसके पिता ने फोन पर ससुराल पक्ष से बात की, जिन्होंने कुछ दिन बाद उसे वापस लाने का वादा किया। परंतु वे समय पर नहीं आए और अचानक 22 अक्टूबर को पूरे ससुराल पक्ष उनके घर पर आ गए और और दहेज में एक लाख नगर और बुलेट की बात करने लगे।

मना किया तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाया और कपड़े फाड़ डाले। शोर मचाने पर वे लोग धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने अपने पति, सास, ससुर व दो जेठों के खिलाफ अतिरिक्त दहेज मांगने, मारपीट करने, दुराचार का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना भवन में तहरीर दी है। हलका चौकी इंचार्ज दुर्गेश शर्मा ने बताया कि मामला परिवार विवाद का है काउंसलिंग के लिए महिला थाने में भेज दिया गया है।

# सुन्ना में हुई कई किसानों की ट्यूबवैलों पर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में चोरों ने आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवैलों को निशाना बनाते हुए लाखों रूपए का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने थाने पर चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र में किसानों की टड्ूबवेलों पर चोरी होने का सिल. सिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन चोर किसानों की टड्ूबवेलों को निशाना बनाकर सामान चोरी कर रहे हैं। चोर लगातार किसानों की टड्ूबवेलों पर चोरी कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। टड्ूबवेलों पर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। बुधवार की रात्रि को चोरों ने क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी किसान जमशेद,



इरफान, मुस्ताक, उमरा, कालू , राहुल, राजेंद्र, इंद्र, प्रवीण व विकास की टड्ूबवेलों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। रात्रि में आधा दर्जन से अधिक किसानों की टड्ूबवेलों पर हुई चोरी से किसानों का लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों को घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह खेत पर जाने के बाद हुई। पीड़ित किसानों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। लगातार चोरी की घटनाओं से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। पीड़ित किसानों ने चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित किसानों की तहरीर मिली है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# डोल के विवाद में चले लाठी डंडे व हथियार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** खेत की डोल को लेकर काफी दिनों से रंजिश चल रही में गुरुवार को एक बार फिर रंजिश के चलते दोनो पक्ष आमने सामने आ गए। कहासुनी इतनी बढी की नौबत मारपीट के साथ लाठी डंडे और धारदार हथियार चल पड़े। पुलिस ने मामले मे एक व्यक्ति को हिरासत मे ले लिया है।

गंगोह कोतवाली क्षेत्र के गांव बल्ला मजरा उर्फ रसूलपुर में शाह नजर और खालिद परिवार में खेत की डोल को लेकर काफी दिनों से रंजिश चल रही है। मामले को लेकर दोनों पक्षों में कई बार पहले भी विवाद हो चुका है। गुरुवार को एक बार फिर रंजिश के चलते दोनो पक्ष आमने सामने आ गए। कहासुनी इतनी बढी की नौबत मारपीट तक पहुंच गई। लाठी डंडे और धारदार हथियार चल पड़े। किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को लाठियां फटकार कर दौड़ाया। घटना में एक पक्ष के मौजम दूसरे पक्ष के खालिद घायल हो गए। घायलों को सीएचसी मे भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के चलते घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले मे एक व्यक्ति को हिरासत मे ले लिया है। जिसका शांति भंग की आशंका मे चालान कर दिया गया है।

# भीम आर्मी महासचिव पर हमले के मामले में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बीते बुधवार को नकुड़ कोतवाली में गए भीमआर्मी महा सचिव के साथ हुई मारपीट प्रकरण में पुलिस ने कई गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। भीमआर्मी के महासचिव पर हमले की खबर फैलते ही सैकड़ों कार्यकर्ता थाने के बाहर जमा हुए थे। पुलिस को स्थिति पर काबू करने के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात करनी पड़ी थी।

बताया गया था कि गांव रणदेवी निवासी विकास कुमार निडर बुधवार को टाबर गांव के एक प्रकरण में कोतवाली आए थे। इसी दौरान महिला डेस्क ऑफिस के सामने चार युवकों के एक समूह ने उनके साथ मारपीट कर दी थी। कोतवाली में दी गई तहरीर में विकास ने आरोप लगाया था कि उनके साथ न केवल मारपीट की गई थी, बल्कि जातिसू. चक शब्दों का प्रयोग भी हुआ था। पुलिस को बीचबचाव में आना पड़ा था। थोड़ी देर बाद सैकड़ों की तादाद में भीमआर्मी कार्यकर्ता थाने पर जुट गए।

पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को शांत करने के लिए लगातार मध्यस्थता की कोशिशें की, लेकिन कार्यकर्ताओं का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा था। थाने के बाहर पुलिस को सुरक्षा के मद्देनजर कई थानों की फोर्स बुलानी पड़ी घंटों चली बातचीत के बाद देर रात पुलिस ने मामला अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम समेत सात गंभीर धाराओं में दर्ज किया। जिसके बाद थाने पर पहुंची भीड शांत हुई।

पुलिस ने नामजद व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरो. पियों की तलाश में दबिशें शुरू कर दी।

# खनिज से भरा डम्पर खेत में पलटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जाम के दौरान अन्य वाहनों को साईड देने के लिए सडक किनारे कच्ची मिट्टी पर उतरे खनिज से भरे एक घोडा डम्पर के पलटने से किसान की फसल क्षतिग्रस्त हो गई। जेसीबी की मदद से घण्टो की मशक्कत के बाद डम्पर को खेत से निक. ाला गया।

बृहस्पतिवार को गंदेवड़ रोड से दुमझेडा रोड पर निकलने वाले कच्चा पक्का रास्ते पर गंदेवड़ रोड की ओर से आ रहा खनिज से एक भरा डम्पर सडक पर जाम लगने के कारण सामने से आ रहे वाहनों को साईड देने के चलते सड़क किनारे कच्ची मिट्टी पर उतर गया तथा मिट्टी धंस जाने के कारण डम्पर सडक किनारे किसान के खेत की मेड पर खड़े पोपुलर के पेडों को तोडते हुए खेत के बीच फसल में पलट गया। डम्पर में भरी सभी खनिज सामग्री गन्ने की फसल को तोडते हुए खेत के काफी हिस्से में फैल गयी। जिससे किसान के खेत की फसल व मेड पर खड़े पोपुलर के पेड भी नष्ट हो गये। जिसके चलते किसान की फसल को काफी नुकसान हुआ है, गनीमत यह रही कि उक्त दुर्घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई है। डम्पर पलटने से गाड़ी मालिक को काफी नुकसान हुआ है।

मौके पर मौजूद राहगीरों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि ओवरलोड खनन से भरे डम्परो की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी है। जिसमें स्कूल के बच्चों को भी चोट लगने की सूचना मिली थी। सम्बंधित विभाग को दिन के समय इन डंपरों के संचालन पर अंकुश लगाना चाहिए। अगर जल्द ही इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ी अप्रिय घटना भी घट सकती है।

# एक घंटे में हटवा दिया सड़क से अतिक्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में रोड किनारे फैले अतिक्रमण को हटाने का बीड़ा थाना प्रभारी विनय शर्मा ने उठाया। कस्बा चौकी इंचार्ज मशकूर त्यागी के सहयोग से मात्र एक घंटे में व्यापक कार्रवाई को अंजाम दिया गया। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का समाधान इतनी तेजी से देखने को मिला कि स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

थाना फतेहपुर प्रभारी विनय शर्मा ने अपनी टीम के साथ कस्बे क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया। रोड के किनारे दुकानदारों द्वारा लगाए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाया गया ठेला और अन्य सामान जो सड़क को अवरुद्ध कर रहे थे, उन्हें साफ कर दिया गया। इसके साथ ही भिड़भाड़ वाली जगहों पर गश्त की तीव्रता बढ़ा दी गई है। चेकिंग के दौरान वाहनों की सघन जांच भी की गई, जिससे ट्रैफिक फ्लो सुगम हो गया। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा, ष्रोड पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि दोबारा ऐसी शिकायत मिली तो सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हमारा उद्देश्य कस्बे को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाना है।ष उनकी इस सख्ती से कस्बा वासी प्रभावित हुए। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा वर्षों से अनदेखी की जा रही इस समस्या को पुलिस ने इतनी कुशलता से निपटाया कि लोग हैरान हैं। ग्रामीण कामिल राणा ने बताया,कई सालों से रोड संकरा होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। थाना प्रभारी सर ने एक घंटे में सब ठीक कर दिया। उनकी तारीफ किए बिना रह नहीं सकते।

# पुलिस ने संदिग्धों से की पूछताछ



**गंगोह।** मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम ने वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान व मिशन शक्ति फेस 5 के विषय में जगह-जगह पर महिलाओं को जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम प्रभारी उपनिरीक्षक वर्षा कुशवाह, कोमल शर्मा व शीतल द्वारा लेबर कॉलोनी, मेन रोड़, शिव चौक, सब्जी मंडी, पेंठ बाजार तथा सार्वजानिक स्थानों पर वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ बालिकाओं व महिलाओं को मिशन शक्ति फेस 5 के विषय के बारे में जानकारी दी। महिलाओं व बालि. काओं को सुरक्षा सम्मान व मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को डिजिटल एरेस्टिंग की झूठी अफवाहो, सशक्तिकरण व उनके अधिकारो, सुरक्षा और संरक्षण के बारे मे जागरुक किया गया। साईबर फ्राड व साईबर क्राईम के बारे मे भी जागरुक किया गया। हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि व मिशन शक्ति केंद्र बारे मे जानकारी दी।

आप्रेशन नशा मुक्ति के प्रति जागरुक किया व नाम नंबर लिखे गए पम्पलेट वितरित की गई।

## तीन बदमाश छह माह को जिला बदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में अपराध की बाढ़ को रोकने के लिए पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। थाना प्रभारी विनय शर्मा के नेतृत्व में तीन कुख्यात अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिसके लिये मुनादी कराई गई।

पुलिस ने बताया कि ये तीनों आरोपी लंबे समय से आपराधिक वारदातों में लिप्त थे। इनमें नसीम उर्फ भिंडर पुत्र तहसीन, निवासी खुजनावर, थाना फतेहपुर, विशाल उर्फ विश्व पुत्र झंडू, निवासी ग्राम मुसैल, थाना फतेहपुर और सन्नी उर्फ गालिब पुत्र फकरुद्दीन, निवासी अलावलपुर रोड, कस्बा छुटमलपुर, थाना फतेहपुर शामिल हैं। इन बदमाशों पर हत्या, लूट, मारपीट और अन्य गंभीर अपराधों के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।

# नीट परीक्षा में महक को मिली पहली ही बार में सफलता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बसंत मित्तल की पोत्री महक मित्तल ने नीट परीक्षा 2025 में पहली बार में ही सफलता पाकर एमबीबीएस में चयनित होकर गंगोह का नाम रोशन किया है।

फरीदाबाद में इंजीनियर के रूप में कार्यरत समीर मित्तल की पुत्री महक ने नीट परीक्षा में प्रथम बार में ही सफल होकर पटना पटना बिहार एमबीबीएस में प्रवेश लिया है, महक की माता गगन मित्तल ग्रहणी है मगर अपने बच्चों के प्रति बेहद गंभीर हैं, गत वर्ष महक के भाई सागर मित्तल ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर फरीदाबाद मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया था महक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दिवंगत दादा बसंत मित्तल के आशीर्वाद व मम्मी पापा की प्रेरणा को दिया है।

❑ अंबेहटा। नकुड कोतवाली अंतर्गत गांव खेड़ा अफगान रोड पर बुधवार की रात करीब 11 बजे बाइक पर सवार होकर गांव सिरसला लौट रहे मुस्तकीम और नौशाद के साथ करीब चार अज्ञात लोगों ने मारपीट कर किया घायल कर दिया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विकास चारण पुलिस टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और बताया कि गांव सिरसला निवासी दो लोगों के साथ मारपीट हुई है।

# गंगोह में पंगु बनी रही यातायात व्यवस्था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** निसहाय जनता असहाय स्थानीय प्रशासन। नगर में जाम से हल्कान आम नागरिक। त्योहारी सीजन में दुकानदार और खोमचे वालो के सड़कों पर राज के बाद अब भी समान रख वहां काबिज है। जाम के झाम में फंसे राहगीर। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन तैयार नही है।

भैया दूज पर्व पर यातायात व्यवस्था बिल्कुल बदहाल रही। रोडवेज की किल्लत के चलते लोग अपने वाहनों से जाते दिखे, जो लोग रोडवेज के ही सहारे रहे वह भटकते रहे। गुरुवार को सुबह से ही भाइयों का बहनों के यहां आने-जाने का सिलसिला शुरु हो गया था। बहनों ने परंपरागत रुप से भाइयों का तिलक कर उनके लिए मंगल कामनाएं की व रक्षा का वचन लिया। मुस्लिम भाईयों ने भी अपनी हिन्दू बहनों के घर जाकर त्यौहार की परंपरा को निभाया तथा बहनों को उपहार दिए। भैया दूज पर्व को लेकर वाहनों के आने-जाने का सिलसिला दिन भर जारी रहा। मेन रोड पर वाहनों की भरमार रही, लेकिन अन्य बाजारों में ग्राहक दिखाई नहीं दिए। भैया दूज के साथ ही त्योहारों की श्रृंखला समाप्त हो गई है। भैया दूज पर्व के कारण आने जाने वाले वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था पंगु होकर रह गई। यातायात को संचालित करने के लिए कोई व्यवस्था न होने के कारण पूरा मेन रोड दिन भर जाम से दो-चार होता रहा। पैदल निकलने वालों को भी इस पर्व पर परेशानी का सामना करना पड़ा।

एक दिन पूर्व भी त्यौहार पर अपनी बहनों के यहां वाहनों से जाने वाले भाईयों को परेशानी का सामाना करना पड़ा।

# गौरक्षा के लिए संघर्ष की सराहना

**सहारनपुर।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री गौ माता मंदिर गौशाला में आज वंदेमातरम मिशन के तत्वावधान में भैया दूज पर्व धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में विजयकान्त चौहान के नेतृत्व में माताओं एवं बहनों ने गौ माता का तिलक, पूजन एवं आरती कर गौरक्षा और गौहत्या मुक्त भारत का संकल्प लिया। नुमाइश कैम्प स्थित गौषाला में कार्यक्रम के दौरान माताओं-बहनों ने विजयकान्त चौहान को तिलक पूजन कर मिष्ठान खिलाया और उनके देश, धर्म एवं गौरक्षा के लिए तीन दशकों से चल रहे निःस्वार्थ संघर्ष की सराहना की। सभी ने उनके निरोगी, दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात गौ माता और नंदी महाराज को लाल वस्त्र पहनाकर आरती की गई तथा गौशाला की परिक्रमा कर गौसेवा का व्रत लिया गया। इस अवसर पर विजयकान्त चौहान जूनियर भगत सिंह ने कहा कि जब तक शरीर में खून की एक बूंद बाकी है, मैं गौरक्षा के लिए संघर्ष करता रहूंगा। गौ माता सनातन धर्म और भारत की प्राणवायु हैं। इनके बिना सनातन भारत अधूरा है। हमें गौ माता को राष्ट्रमाता के पद पर सुशोभित कराने के लिए जनता को जागरूक करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि गौरक्षा केवल धार्मिक नहीं बल्कि पर्यावरणीय आवश्यकता भी है। विश्व के सभी पर्यावरण प्रेमियों को इस अभियान को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना चाहिए ताकि पृथ्वी का अस्तित्व सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम में श्रीमती ममता चानना, स्मृति गुम्बर, राधा रानी, रमा सेतिया, सोनिया, काव्या, वंशिका, आशा रानी, नीलम रानी, मानसी रानी एवं शिमला रानी सहित अनेक माताआ. ें-बहनों ने सहभागिता कर गौरक्षा का संकल्प लिया।

# सदर बाजार पुलिस ने दबोचे तीन बदमाश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे व तीन कारतूस बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, उपनिरीक्षक सुशील कुमार व उपनिरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान दो शातिर बदमाशों अभिषेक राणा पुत्र सिंहराज सिंह पुंडीर निवासी रोहित विहार निकट हसनपुर थाना सदर बाजार व गौरव शाह पुत्र हरीश चंद्र निवासी विल्स कालोनी गलीरा रोड थाना सदर बाजार को छोटी लाईन रोड खलासी लाईन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो नातायज तमंचे व तीन जिंदा कारतूस बरामद कर लिए। इसी थाना पुलिस ने एक अन्य मामले में जान से मारने की नीयत से फायर करने की घटना में नामजद आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने उपनिरीक्षक बबलू कुमार व उपनिरीक्षक अमरीश व महिला उपनिरीक्षक चंचल कुमारी के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी अरहम पुत्र मुकर्रम निवासी ग्राम मवीकला थाना सदर बाजार को पैरामाउंड कालोनी के सामने कांशीराम कालोनी की ओर जाने वाले रास्ते से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर व 1 जिंदा कारतूस बरामद कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को वांछित धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।

# महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महिलाओं को सशक्त बनाने और बाल सुरक्षा के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने, घरेलू हिंसा का विरोध करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए।

टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया पर अश्लील संदेश या उत्पीड़न की स्थिति में पुलिस को सूचित करने की प्रक्रिया भी बताई गई। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं और एंबुलेंस सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल



**नहटौर।** नूरपुर मार्ग स्थित चांदपुर चुंगी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव मुकर्रमपुर निवासी हेमराज अपने एक साथी के साथ बाइक द्वारा नहटौर से घर लौट रहा था। नहटौर में चांदपुर चुंगी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया है। इसके अलावा नूरपुर मार्ग पर चक ईट भट्टे के पास सड़क हादसे में बाइक सवार ग्राम रघुनाथपुर निवासी नरदेव सिंह पुत्र जसवंत सिंह घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

# सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवक-युवती सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पृथ्वीपुर में ग्राम पंचायत एवं शहरी व ग्रामीण विकास सेवा समिति की ओर से सन् 2025 में गांव के युवक और युवतियों को सरकारी नौकरी प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

ग्राम पंचायत घर पर आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान श्रीमती हिर्देश देवी की अध्यक्षता एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' के संचालन में ग्राम पंचायत के शुभम कुमार को सीआरपीएफ, दीशू कुमार को अग्निवीर, विवेक कुमार, प्रेरणा, हिमेंद्र सिंह, याचिका को पुलिस सेवा में सिपाही, श्रीमती पूजा शर्मा को आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री तथा पारुल कुमारी को पुलिस विभाग में दरोगा बनने पर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा जिला अध्यक्ष रॉबिन चौधरी, मुन्नालाल प्रेमी, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह राणा, पत्रकार आलोक भारद्वाज, दिलावर सिंह, छदम्मी सिंह का ग्राम प्रधान पति रोहिताश सिंह, इंजीनियर शुभम शर्मा, विजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, जयप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, खुशीराम, शेर सिंह आदि ने फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। तदोपरांत अतिथियों द्वारा इन ग्रामीण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल रहे।

मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है, जो ग्राम प्रधान श्रीमती हिर्देश देवी, पंचायत सेक्रेटरी सुजाता पाल एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस ग्राम पृथ्वीपुर एवं मोल्हड़पुर में इतनी बड़ी संख्या में प्रथम बार युवक युवतियों ने सरकारी नौकरी प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पर भारी गर्व है, क्योंकि यही मेरी जन्म भूमि है। मुझे लगता है कि यह सब बच्चे मेरे परिवार के ही हैं। रॉबिन चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज बड़े गर्व का अवसर है कि हम अपने ही गांव में अपने बच्चों को उनकी मेहनत, लगन और सफलता के लिए सम्मानित कर रहे हैं। लोकेंद्र सिंह ने बताया कि हमें समय-समय पर बच्चों को जागरूक करने, उनका मार्गदर्शन करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की विशेष आवश्यकता है। ओमवीर सिंह राणा, दिलावर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार आलोक भारद्वाज ने भी अपने संबोधन में कार्यक्रम के आयोजकों की भूरि भूरि प्रशंसा की। डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' ने अपने संबोधन में कहा कि हमें इन सभी बच्चों को सम्मानित कर भारी खुशी हो रही है।

**खोया-पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0647981 का मूल प्रमाण पत्र व अंक तालिका वास्तव में खो गए हैं।
**अम्बुज कुमार** पुत्र श्री देशराज, ग्राम बसेडा, थाना नागल, तहसील देवबंद, जिला सहारनपुर।

# बैंडबाजों व झांकियों के साथ निकाली स्वर्ण रथ यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2552वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरूवार को बैंडबाजों व आकर्षक झांकियों के बीच नगर में स्वर्ण रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा में बैंड बाजो की धार्मिक धुन और भजन मंडली ने मनमोहक भजन सुनाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। साथ ही यात्रा में मौजूद झाकियों ने सभी का मन मोह लिया। यात्रा का मुख्य आकर्षण स्वर्ण रथ पर विराजमान भगवान महावीर की प्रतिमा रही।

पालिका चेयरमैन विपिन गर्ग ने रथ पर विराजमान भगवान महावीर स्वामी के दर्शन कर आरती की। इस दौरान श्री जी की रथ यात्रा जैन समाज एवं श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में श्री 1008 दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर जी (सारगवाड़ा) से आरंभ हुई। नगर के विभिन्न मार्गो से होकर पंचायती



मन्दिर श्री 1008 दिगंबर जैन मंदिर जी नेचलगढ़ पहुंच कर आचार्य श्री 108 अरूण सागर जी महाराज के सान्धिय मे पांडुक शिला पर 1008 कलशों से श्री जी का अभिषेक व पूजन करने के बाद प्रतिमा को रथ पर विराजमान कर रथ यात्रा उन्हीं मार्गो से वापीस होकर श्री 1008 दिगंबर जैन पारसनाथ मन्दिर जी (सरागवाडा) मे संपंन हुई। श्री जी की रथ यात्रा मे खवासी बनने का सौभाग्य श्री महेशचंद रजनीश कुमार जैन, सारथी बनने का सौभाग्य श्री अरूण कुमार आकाश कुमार जैन, धनपति कुबेर बनने का सौभाग्य श्री अतुल कुमार अनुज जैन, दाय इन्द्र बनने का सौभाग्य पारस जैन पुत्र सुबोध कुमार जैन, बायं इन्द्र बनने का सौभाग्य वासु जैन पुत्र मनोज जैन (पिल्लो) को प्राप्त हुआ।

रथ यात्रा में अनिल जैन, अजय जैन, शुभम जैन, ऋषभ जैन, अखिल जैन, विपुल जैन, अंकित जैन, प्रखर जैन, सुनीता जैन, डोली जैन, जूही जैन, पारुल जैन, नेहा जैन, आस्था जैन, प्रिया जैन सहित जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

# महाराज के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी का संगतों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साहिब श्री गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकलने वाली 11 दिवसीय प्रभातफेरियां बृहस्पतिवार से आरंभ हो गईं। संगतों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ प्रभातफेरी का स्वागत किया।

प्रभातफेरी रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर सुभाष चौक, रेलवे रोड़, लाजपत नगर कॉलोनी, इंडस्ट्रियल एरिया और महाराणा प्रताप चौक से होते हुए टीचर कॉलोनी स्थित ईश्वर उपाध्याय एवं कर्मजीत सिंह के आवास पर पहुंची। जगह जगह संगतों ने फूलों की वर्षा कर प्रभातफेरी का स्वागत किया। गुरदयाल सिंह, चंद्रदीप सिंह, चन्नी बेदी, जितेश बतरा, सिमरनजीत सिंह व पपिंद्र कौर ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से ईश्वर उपाध्याय व



नीलम रानी को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। कमेटी सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने बताया कि दो नवंबर को प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकलेगा, तीन नवंबर तक नगर में प्रभातफेरी निकाली जाएंगी और पांच नवंबर को प्रकाश पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया जाएगा। इस मौके पर सतीश गिरधर, हर्ष भारती, हर्षप्रीत मनचंदा, हरजीत सिंह, अमृत सिंह, राजपाल सिंह, अमन सिंह, खुशप्रीत सिंह, भोली मनचंदा, विजय गांधी, गुलशन गांधी आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया भैयादूज त्यौहार

## भैयादूज की कोथली लेकर पहुंचे भाइयों को बहनों ने तिलक कर की उनकी लंबी आयु की कामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाई बहन के प्यार और समर्पण का प्रतीक भैयादूज त्यौहार नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में हर्षोल्लास से मनाया गया। ससुराल में भैयादूज की कोथली लेकर पहुंचे भाइयों को उनकी बहनों ने तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना की।

बुधवार शाम से ही भैयादूज की कोथली पहुंचाने का सिलसिला जारी रहा। भैयादूज पर्व गुरुवार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बसों और ट्रेनों में भीड़ के चलते बड़ी संख्या में भाई अपने निजी वाहनों द्वारा सुबह से ही बहनों की ससुराल पहुंचना शुरू हो गए थे। वहीं भैयादूज पर परिवहन व प्राइवेट बसों और रेलो में भारी भीड़



देखने को मिली। इतना ही नहीं वाहनों में भारी भीड़ के चलते भाई निजी वाहनों से भी कोथली ले जाते दिखाई दिए। गुरुवार को बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा तथा कथा सुनने के बाद कोथली लेकर ससुराल पहुंचे भाइयों के माथे पर तिलक लगाया।

वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। भैयादूज पर छोटी बहने भी अपने भाइयों को तिलक करती नजर आई। नगर के रोडवेज बस स्टैंड सहित मंगलौर एवं तलहेड़ी बस स्टैंड भी लोगों की सुबह से लेकर देर शाम तक रेलवे स्टेशन व बसो में आने जाने की भीड़ बनी रही। भैयादूज पर्व पर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया।

# भाई बहन की मौत पर मुआवज़ा न मिलने से आक्रोश

**देवबन्द।** भायला कलां गांव में गत वर्ष दीपावली के मौके पर पूजा कर लौट रहे मासूम भाई बहन की कार की टक्कर से मौत हो गई थी। एक वर्ष बाद भी मुआवजा नहीं मिलने से स्वजन समेत ग्रामीणों में आक्रोश है। गुरुवार को ग्रामीणों ने बैठक आयोजित कर जनप्रतिनिधियों पर मदद नहीं करने का आरोप लगाया और मुआवजे के संबंध में जल्द ही जिलाधिकारी से मिलने का निर्णय लिया।

गत 31 अक्टूबर को भायला गांव निवासी मासूम भाई बहन करण और अवनी देव स्थान पर पूजा करने गए थे। देर रात में दोनों के शव गांव के बाहर सडक किनारे पड़े मिले थे। ग्रामीणों ने इसे हत्या बताते हुए आक्रोश जताया था और घंटों सडक जाम रखी थी। अधिकारियों व



जनप्रतिनिधियों ने जल्द राजफाश करने और पीडिघ्त परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों को शांत किया था। पुलिस टीमें कई दिन तक मामले की जांच में लगी रही थी। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस के हाथ सफलता लगी थी और यह पूरा मामला हिट एंड रन का निकला था। पुलिस ने इस मामले में उत्तराखंड के ज्वालापुर थाना क्षेत्र के आर्य नगर चौक न्यू राम नगर कालोनी निवासी शिवम शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले का राजफाश होने के बाद से अभी तक पीडिघ्त स्वजन को मुआवजा नहीं मिला है। गुरुवार को विजय कुमार के आवास पर हुई बैठक में स्वजन ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि उन्हें मुआवजा दिलाने में नाकाम साबित हुए है। कोई भी उनकी सुनने को तैयार नहीं है। पूर्व राज्यमंत्री स्व. राजेंद्र राणा के पुत्र कार्तिकेय राणा ने कहा कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी सहारनपुर से मुलाकात कर परिवार के लिए मुआवजे की घोषणा को अमल. ीजामा पहनाए जाने की मांग करेगा। इस दौरान ब्रजपाल फौजी, सुखपाल राणा, मनोज राणा, जोनी राणा, राज. कुमार राणा, मुकेश राणा, सुशील राणा, लाखन राणा और दीपक राणा आदि मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान: गुलबहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आजाद हिंद फौज के स्थापना दिवस पर आयोजित बैठक में नेता जी सुभाष चंद्र बोस के कारनामों और उनकी कुर्बानियों को याद किया गया।



मोहल्ला पठानपुरा में आयोजित बैठक में सुभाष वादी मोहम्मद गुलबहार ने कहा कि 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार की स्थापना की और यही दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक बन गया। उन्होने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान सिर्फ आजादी तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने भारत को स्वाभिमानी राष्ट्र बनाने का सपना देखा और उसे साकार किया। उन्होंने सरकार से नेता जी सुभाष चंद्र बोस को भारत रत्न देने की मांग की। इस मौके पर मो. अहमद, डॉ. सुहैल, मो. अरीब और मुजम्मिल आदि शामिल रहे।

# अनियंत्रित होकर पलटी ट्रॉली, सड़क पर लगा जाम

**देवबन्द।** उपलो से भरी ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी जिस कारण सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। जिसके चलते लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। देवबंद की ओर से जा रही उपलो से भरी ट्रॉली देवबंद-मंगलौर मार्ग स्थित हाशिमपुरा गांव के समीप सड़क पर पलट गई। जिस कारण जाम लग गया और मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। इसमें सबसे अधिक परेशानी कोथली लेकर जा रहे भाईयों को हुई, जो लंबी दूरी तय कर बहनों तक पहुंचे। कुछ समय बाद पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मद्द से ट्रॉली को जबकि जेसीबी की मद्द से सड़कों पर पड़े उपलो को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

# मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी में जमकर हुई मारपीट, तीन घायल

## पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को सीएचसी पहुंचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** गांव तिसंग में मामूली कहां सुनी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मारपीट मे महिला सहित तीन घायल हो गए।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया एवं दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया।

बुधवार की देर रात गांव तिसंग में मोबाइल फोन को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी हो गई। जो बाद में मारपीट में बदल गई। सुशील पुत्र जय किशन ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मेरे पुत्र अंकुर का पड़ोसी जितेश पुत्र ईश्वर एवं मोहित पुत्र जितेश से मोबाइल फोन को लेकर कहां सुनी हो गई थी आरोप है कि उक्त बाप बेटे ने अन्य लोगों के साथ मिलकर मेरे एवं मेरे बेटे एवं पत्नी के साथ लाठी डंडों से मारपीट की जिसमें हम तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने आरोपी जितेश एवं मोहित दोनों को हिरासत में ले लिया एवं तीनों घायलों को जानसठ सीएचसी में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बसों व ट्रेनों में अफरातफरी का माहौल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भैयादूज पर्व पर गुरुवार को जिलेभर में यात्रियों की भारी भीड़ के कारण बसों और ट्रेनों में अफरातफरी का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही विवाहित बहनों के अपने भाइयों के घर आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया था, जिससे रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बसों और ट्रेनों में स्थिति इतनी गंभीर रही कि कई यात्री लटककर यात्रा करने



को मजबूर नजर आए।

गुरूवार को त्योहार के कारण शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़कों पर यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई। महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग अपने गणत्वयों की ओर रवाना हुए। रोडवेज बसों में सीटें भर जाने के बाद यात्रियों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी। कई बसों में क्षमता से दोगुने तक यात्री सवार देखे गए, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। परिवहन विभाग की ओर से रूट बढ़ाने और अतिरिक्त बसें चलाने के दावे धरे के धरे रह गए। यात्रियों को समय से बसें नहीं मिलीं, जिसके चलते डग्गामार वाहनों ने इस स्थिति का जमकर फायदा उठाया। इन वाहनों के चाल. कों ने मनमाने किराए वसूल किए, जिससे आम जनता को आर्थिक रूप से भी नुकसान उठाना पड़ा। दोपहर होते-होते रोडवेज बस स्टैंड से लेकर शहर की मुख्य सड़कों तक यात्रियों की भीड़ लग गई थी। महिलाओं और बच्चों को घंटों तक बसों का इंतजार करना पड़ा। प्राइवेट बसों में भी यात्रियों को बैठने की जगह नहीं मिली। कई यात्रियों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी, जबकि कुछ लोगों को वापस लौटना पड़ा। वही दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पर भी स्थिति कुछ अलग नहीं रही। आम दिनों की तुलना में ट्रेनों में यात्रियों की संख्या कई गुना अधिक रही। खिड़कियों और दरवा. जों पर लटकते यात्री सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनौती बने रहे। यात्रियों ने शिकायत की कि भैयादूज जैसे बड़े पर्व पर परिवहन विभाग और रेलवे विभाग ने नियंत्रण व्यवस्था नहीं की, जिसके कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। रोडवेज के डिपो प्रभारी राजेन्द्र चौहान ने बताया कि विभाग के पास 39 अनुबंधित बसे है, जिनके फेरे बढाए गए है।

## शहरभर में लगा रहा वाहनों का जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भैयादूज पर्व को लेकर शहर में वाहनों का जाम लगा रहा, जिससे वाहन चालकों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पडा। जाम लगने से लोग घंटों जाम में फंसे रहे। ट्रेफिक पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाले में पसीना बहाया, लेकिन सिविल पुलिसकर्मी अपनी डयूटी से नदारद रहे।

गुरूवार को शहर में सवेरे से ही जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। भैयादूज पर्व पर अधिकतर लोग अपने बहनों से तिलक करवाने के लिए जाते है। निजी वाहनों और यात्रियों की भीड के कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रही। जिससे शहर के विजय चौक, अजंता चौक, फव्वारा चौक, शिव चौक, धीमानपुरा, गुरूद्वारा तिराहे पर वाहनों का जाम लगा रहा। जाम लगने से वाहन चालक घंटों जाम के झाम में फंसे रहे और उनको रास्ता नही मिल सका।

# हर्षोल्लास से मनाया गया भैयादूज का पावन पर्व











**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलेभर में गुरुवार को भैयादूज का पावन पर्व हर्षोल्लास, भक्ति भावना और स्नेह के साथ धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनके दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की, गुरूवार को भैयादूज पर्व को लेकर सुबह से ही घर-घर में पर्व की रौनक दिखाई दी। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक परिधान धारण किए, वहीं घरों में भाइयों के स्वागत की तैयारियां जोरों पर रहीं। कई बहनें सुबह से ही अपने भाइयों का इंतजार करती दिखीं। दूर-दराज से आए भाई जब बहनों के घर पहुंचे तो उन्हें मंगल तिलक लगाकर आरती उतारी गई और स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए भाईदूज की परंपरा का निर्वाह किया। परिवारों में जहां बड़े सदस्यों ने परंपरा निभाई, वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भी इस पावन अवसर को उत्साह के साथ मनाया। नन्हीं बहनों ने अपने छोटे भाइयों को तिलक लगाया, तो भाइयों ने खिलौनों, मिठाइयों और उपहारों से अपनी बहनों को खुश किया। बाजारों में भी भैयादूज की चहल-पहल देखने को मिली। दीपावली के बाद एक बार फिर से मिठाई की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। खील-बताशे, उपहार और मिठाइयों की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों का तांता लगा रहा। बाजारों में रसमलाई, लड्डू, बर्फी और काजू कतली जैसी मिठाइयों की खूब बिक्री हुई। भैयादूज पर शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति रहा हो जिसके माथे पर लाल तिलक न सजा हो। शहर की गलियों, बाजारों और चौक-चौराहों पर घूमते युवाओं के माथे पर तिलक के साथ उल्लास का भाव नजर आ रहा था। पर्व ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को एक बार फिर सजीव कर दिया, बहनों के आशीर्वाद से भाइयों के जीवन में सुख का संचार हुआ, वहीं भाइयों के स्नेह और उपहारों ने बहनों के चेहरे पर मुस्कान ला दी।

# धामपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व गुरुवार को नगर में बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्हें तिलक लगाया और आरती उतारी।

भैया दूज का यह पर्व हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि अर्थात दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पर्व यमराज





और उनकी बहन यमुना के ऐतिहासिक प्रसंग से जुड़ा है, इसलिए इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है।

सुबह से ही नगर में भाई अपनी बहनों के घर पहुं. चने लगे। बहनों ने अष्टदल कमल बनाकर अक्षत, कुमकुम और दीपक के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने यमराज, यमुना, चित्रगुप्त और यमदूतों की विधि-विधान से पूजा करते हुए व्रत का संकल्प लिया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनके सुखी जीवन की कामना की।

इस अवसर पर भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर स्नेह व्यक्त किया। मान्यता है कि जिस दिन यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने गए थे, उस दिन यमुना ने उनसे वरदान मांगा था कि जो बहन इस तिथि को अपने भाई का तिलक कर भोजन कराएगी, उसे यम का भय नहीं रहेगा। तब से यह पर्व मनाया जाने लगा।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAHJAD से बदल कर SHAZAD रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना जाए।
SHAZAD S/O GAFOOR
VILLAGE RAJUPUR
DEOBAND SAHARANPUR

# विराट कोहली फिर शून्य पर लुढ़के



● आस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

**एडिलेड**, वार्ता। प्लेयर ऑफ द मैच एडम जम्पा (60 रन पर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी तथा मैथ्यू शार्ट (74) और कूपर कोनली (नाबाद 61) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ रोमांचक दूसरे वनडे में गुरुवार को दो विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने रोहित शर्मा (73), श्रेयस अय्यर (61) और अक्षर पटेल (44) की शानदार पारियों की मदद से निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया,लेकिन विराट कोहली लगातार दूसरे मैच में शून्य पर लुढ़क गए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट गंवाने के बावजूद 46-2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत और सीरीज अपने नाम कर ली। कोनली ने 53 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन की मैच विजयी पारी खेली। शार्ट ने 78 गेंदों पर 74 रन की संयमित पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। मिचेल ओवेन ने 23 गेंदों पर 36 रन में दो चौके और तीन छक्के मारे। मेजबान टीम ने सतर्कता के साथ शुरुआत की। हेड और मार्श ने शुरुआत में समय लिया और फिर मार्श आउट हो गए। हेड भी ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सके और राणा का शिकार बने। शॉर्ट ने रेनशॉ के साथ मिलकर पारी को संभाला और समय पर चौके जड़े। भारत ने भी शॉर्ट के दो कैच छोड़े, जो अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। उनके आउट होने के बाद ओवेन आए और उन्होंने पारी को जल्दी खत्म करने की कोशिश की। कूपर कोनली दूसरे छोर पर अनुभवी बल्लेबाजी कर रहे थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपना अर्धशतक पूरा किया और ओवेन तब आउट हो गए जब उन्हें कुछ ही रनों की जरूरत थी। बार्टलेट और स्टार्क भी आउट हो गए, लेकिन कोनली ने रन बनाना जारी रखा और अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अभी 17 रन जोड़े थे कि सातवें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शुभमन गिल (9) को मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को जेवियर बार्टलेट ने पगबाधा कर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। उन्होंने चार गेंदों का सामना किया और एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने रोहित शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन जोड़े।

30वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। रोहित शर्मा ने 97 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली। भारत का चौथा विकेट 160 के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में गिरा।

# सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी महिला बल्लेबाज बनी मंधाना

**मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए**

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलफ जारी मुकाबले में शतक जड़ा। अपने वनडे करियर के 14वें शतक के साथ मंधाना महिला क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं। बता दें कि, भारत और न्यूजीलैंड के बीच महिला विश्व कप का 24वां मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में कीवियों ने टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इस मुकाबले में मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 88 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। न्यूजीलैंड के खिलफ स्टार बल्लेबाज ने 10 चौके और चार छक्के ठोके। पहले विकेट के लिए मंधाना ने प्रतिका रावल के साथ 212 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह भारतीय महिला टीम की विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले



हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के बीच 2022 में हैमिल्टन में 184 रनों की साझेदारी हुई थी। मंधाना ने वनडे में अपने 14वें शतक के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में उन्होंने तजमिन ब्रिट्स की बराबरी कर ली। दोनों ने 2025 में पांच-पांच शतक लगाए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्याम लाल कॉलेज ने बाबा भगत स्मृति हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज ने साई कुरुक्षेत्र को 2-1 से हराकर राजस्थान के शाहज. हांपुर, जिला कोटपुटली में आयोजित 43वें श्री युक्त बाबा भगत स्मृति ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता के रूप में उसे 51000 रूपए की इनामी राशि भी मिली। उपविजेता टीम को 25000 रूपए से संतोष करना पड़ा। श्याम लाल कॉलेज की तरफ से सतीश और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने मैच में एक-एक गोल किया जबकि साई कुरुक्षेत्र की तरफ से एक गोल सहजप्रीत ने किया। इस टूर्नामेंट में देश भर से 32 टीमों ने भाग लिया। बेस्ट डिफेंडर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के राहुल को मिला जबकि बेस्ट फॉरवर्ड ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड साई कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी बिटू को मिला।

### कजाकिस्तान के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए भारत ने की 23 सदस्यीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने कजाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पहला मैच 25 और तथा मुकाबला 28 अक्टूबर को कजाकिस्तान के शिमकेंट में होगा। इसे अप्रैल 2026 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए भारत की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा हैं। भारतीय टीम बेंगलुरू स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में एक संक्षिप्त शि. विर के बाद आज सुबह कजाकिस्तान के लिए रवाना हुई और शाम को शिमकेंट पहुंचेगी।

# तीसरे एशियाई युवा खेलों के लिए मनामा में 4000 से ज्यादा युवा एथलीट एकत्रित हुए

**मनामा, वार्ता।** तीसरे एशियाई युवा खेल (एवाईजी) बुधवार शाम बहरीन में आधिका. रिक रूप से शुरू हो गए, जिसमें 45 एशियाई देशों और क्षेत्रों के 4,000 से ज्यादा युवा एथलीट शामिल हुए। 22 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इन खेलों में 26 खेल और 232 स्पर्धाएं शामिल हैं, जो एवाईजी के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन है।

कुल 4,074 एथलीट, जिनमें 2,425 पुरुष और 1,649 महिलाएं शामिल हैं, प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो 2013 के नानजिग खेलों में 2,413 प्रतिभागियों और 2009 के उद्घाटन सिगापुर खेलों में 1,321 प्रतिभागियों से अधिक है। बहरीन के राजा के प्रतिनिधि और खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख नासिर बिन हमद अल खलीफा ने खेलों के उद्घाटन की घोषणा की। सखिर क्षेत्र में उद्घाटन समारोह के दौरान, बहरीन सुप्रीम काउंसिल फॉर यूथ एंड स्पोर्ट्स के प्रथम उपाध्यक्ष शेख खालिद बिन हमद अल खलीफा ने कहा कि यह आयोजन खेलों को लोगों के बीच एक सेतु और एशिया की युवा पीढ़ी के लिए गौरव का स्त्रोत बताता है। उन्होंने कहा कि एशियाई युवा खेल भविष्य के ओलंपिक एथलीटों की पहचान करने का एक मंच भी हैं जो महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि ये प्रतियोगिताएं एशियाई खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं, और उन्होंने सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों से रिकॉर्ड समय में एक प्रमुख क्षेत्रीय आयोजन आयोजित करने की बहरीन की क्षमता का हवाला दिया।

# जीत से विदाई के लिए उतरेंगे पाक-श्रीलंका

**दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी**

**कोलंबो, वार्ता।** मेजबान श्रीलंका महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान महिलाओं के खिलाफ एक बेमेल मुकाबले में अपने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अभियान का शानदार समापन करना चाहेगी। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी क्योंकि चामरी अथापट्टू की श्रीलंकाई टीम बांग्लादेश पर मिली हालिया करीबी जीत को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी, जबकि फातिमा सना की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में है। छह मैचों में एक जीत और तीन हार दर्ज करने वाली श्रीलंकाई टीम इस मुक. ाबले में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। हसीनी परेरा की 99 गेंदों पर 85 रनों की तेज पारी और कप्तान चामरी की चार विकेट सहित ऑलराउंड प्रतिभा ने उनके पिछले मैच में अहम भूमिका निभाई थी। नीलाक्षी डी सिल्वा ने भी 37 रनों की तेज पारी खेलकर मध्यक्रम की विश्वसनीयता को मजबूत किया।

गेंदबाजी में, चामरी, इनोका रनवीरा, सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने विकेट चटकाए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कुल मिलाकर निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद श्रीलंका ज्यादातर मैचों में प्रतिस्पर्धी बना रहे। इस बीच, पाकिस्तान के लिए यह टूर्नामेंट बेहद मुश्किल रहा है, जहां उसे लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका से बारिश से प्रभावित हार भी शामिल है। सिदरा नवाज, नतालिया परवेज और सिदरा अमीन की अगुवाई वाली उनकी बल्लेबाजी लय हासिल करने के लिए जूझती रही है, जबकि सादिया इकबाल और नशरा संधू की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने लगातार समर्थन के बिना उम्मीद की किरण दिखाई है। प्रेमदासा की पिच ने मध्यम स्कोरिग के अवसर प्रदान किए हैं, इस विश्व कप में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 245 रन रहा है। हालांकि, मैच के दिन भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जिससे दोनों कप्तान टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐतिहा. सिक रूप से, दोनों टीमें विश्व कप में दो बार भिड़ चुकी हैं, जिनमें से प्रत्येक ने एक-एक जीत साझा की है।

# पंजाब किंग्स ने सैराज बहुतुले को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब किग्स ने आईपीएल 2026 सीजन से पहले पूर्व भारतीय लेग स्पिनर सैराज बहुतुले को अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

वह सुनील जोशी की जगह लेंगे, जिन्होंने 2023 से 2025 तक यह पद संभाला था। बहुतुले, जिन्हें हाल ही में राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज किया था, जहां उन्होंने यही भूमिका निभाई थी, घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपने लंबे कोचिग करियर का भरपूर अनुभव लेकर आए हैं। 51 वर्षीय बहुतुले इससे पहले बंगाल, केरल, विदर्भ और गुजरात जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं और सभी प्रारूपों में युवा भारतीय गेंदबाजों को निखारने में उनके योगदान के लिए उन्हें व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है।

बहुतुले का टीम में स्वागत करते हुए, पंजाब किग्स के सीईओ सतीश मेनन ने कहा कि हम सुनील जोशी को वर्षों से पंजाब किग्स के प्रति उनकी समर्पित सेवा और योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। आगे बढ़ते हुए, हम सैराज बहुतुले का अपने कोचिग स्टाफ में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। खेल की उनकी गहरी समझ, खासकर घरेलू गें. दबाजों को तैयार करने और रणनीति बनाने का उनका व्यापक अनुभव, हमारी टीम के लिए अमूल्य होगा।

# साइमन की फिरकी के आगे पाक पस्त




**रावलपिंडी, वार्ता।** साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को दूसरी पारी में 132 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद 68 रनों के लक्ष्य को 12-3 ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 94 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में पाकिस्तान का पांचवां विकेट मोहम्मद रिजवान (18) के रूप में गिरा। इसके बाद नोमान अली (शून्य) पर पवेलियन लौट गए। दोनों बल्लेबाजों को साइमन हार्मर ने आउट किया।

शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) रनआउट हुए। आगा सलमान (28) को केशव महाराज ने बोल्ड आउट किया। केशव महाराज ने 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर साजिद खान (13) को आउटकर पाकिस्तान की दूसरी पारी का 132 के स्कोर पर अंत कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) मिले। पाकिस्तान को 67 रनों की बढ़त हासिल हुई, और इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए नोमान अली ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। रायन रिकलटन 25 रन बनाकर नाबाद रहे। एडन मारक्रम ने 42 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने शान मसूद, सऊद शकील और अब्दुल्ला शफीक ने अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से पहली पारी में 333 रनों का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुथुसामी (89) और कगिसो रबाडा (71) की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने 404 रनों का स्कोर खड़ा कर 71 रनों की बढ़त हासिल की।

### तीसरा टी-20 बारिश के चलते रद्द इंग्लैंड ने जीती सीरीज

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इसी के साथ क्राइस्टचर्च में दूसरे टी-20 मैच में जीत की बदौलत इंग्लैंड ने तीन मैचों की यह सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। पहला टी-20 मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। खेल समय पर शुरू हुआ और टिम सीफर्ट ने पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर पारी की शुरुआत की, लेकिन बारिश ने पहली बार खेल में खलल डाला और डेढ़ घंटे की देरी हुई। इस देरी के कारण 14 ओवर प्रति टीम का खेल छोटा हो गया। इसी दौरान दूसरे ओवर में ब्रायडन कार्स ने टिम रॉबिन्सन (दो) को आउट किया।

# भारत को पुनः सीओपी 10 ब्यूरो का उपाध्यक्ष चुना गया




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में 20-22 अक्टूबर 2025 तक आयोजित खेलों में डोपिग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (सीओपी 10) के दसवें सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह बैठक इस सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जो विश्व स्तर पर खेलों में डोपिग को समाप्त करने और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय साधन है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सचिव (खेल) हरि रंजन राव और राष्ट्रीय डोपिग रोधी एजेंसी (नाडा) के महानिदेशक अनंत कुमार शामिल थे। उन्होंने 190 से अधिक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अफ्रीकी संघ, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, विश्व डोपिग रोधी एजेंसी (वाडा) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। कार्यवाही के दौरान, भारत को 2025-2027 की अवधि के लिए एशिया-प्रशांत ब्यूरो (समूह प्ट) का पुनः उपाध्यक्ष चुना गया। अजरबैजान को सीओपी 10 ब्यूरो का अध्यक्ष चुना गया। ब्राजील, जाम्बिया और सऊदी अरब को भी अपने-अपने क्षेत्रीय समूहों के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। भारत ने एंटी-डोपिग कन्वेंशन की यात्रा को प्रदर्शित करने वाले इंटरैक्टिव बोर्ड के प्रावधान की सुविधा प्रदान करके सीओपी 10 सत्र की कार्यवाही को भी अपना समर्थन दिया। बैठक में राष्ट्रीय सरकारों, डोपिग रोधी संगठनों और यूनेस्को के स्थायी प्रतिनिधिमंडलों के 500 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के तहत शासन और अनुपालन को मजबूत करने, खेलों में डोपिग उन्मूलन कोष के वित्तपोषण और जीन हेरफेर, पारंपरिक औषधि-सं. हता और खेलों में नैतिकता सहित उभरती चुनौतियों के समाधान पर चर्चा हुई। सीओपी 9 ब्यूरो और अनुमोदन समिति की रिपोर्ट में संस्थागत सुसंगतता, रणनीतिक संचार और अंतर-क्षेत्रीय एकीकरण पर जोर दिया गया।

# बाबर आजम और नसीम शाह की पाकिस्तान की टी-20 टीम में हुई वापसी




**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय टी-20 टीम में बाबर आजम, नसीम शाह और अब्दुल समद को वापस बुलाया है। टीम में अनकैप्ड उस्मान तारिक को भी जगह मिली हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों टी-20 श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जाएगी, जिसके बाद 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थानों पर त्रिकोणीय श्रृंखला होगी। बाबर और नसीम ने आखिरी बार 2024 के अंत में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे और हाल ही में हुए एशिया कप का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उनकी वापसी से अगले साल चार महीने बाद होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके चयन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। फखर जमान और हारिस रऊफ, सूफियान मोकिम रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं।

पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय टी-20 टीम इस प्रकार है: सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेट कीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान (विकेट कीपर) और उस्मान तारिक। इस बीच, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगे। इसके बाद पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक रावलपिडी में श्रीलंका के साथ एक और एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा। एकदिवसीय मैचों के लिए, नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 सदस्यीय टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें फैसल अकरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

# रवींद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे

**रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शनिवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि रवींद्र जडेजा के अगले मैच में खेलने की उम्मीद है। राणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा। पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र अपने घरेलू मैदान पर से भिड़ेगी।

जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं चुना गया जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है ताकि वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तैयार कर सकें। 36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे। सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में उन्होंने 57-60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21-25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं। सीजन के अपने पहले मैच में, सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में मामूली बढ़त दिलाकर हराया था, जिसमें धर्मेंद्र जडेजा प्रमुख खिलाड़ी साबित हुए थे। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली पारी में 124 रन देकर 7 विकेट सहित कुल 10 विकेट लिए थे। सौराष्ट्र की कमान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के हाथों में है।




### विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विश्वजीत मोरे ने 55 किला. ग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सर्बिया के नोवी साद में आयोजित अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। कांस्य पदक के मुकाबले में, विश्वजीत ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए कजाख पहलवान को 5-4 के करीबी स्कोर से हराकर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक सुनिश्चित किया। विश्वजीत ने अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड में एक रोमानियाई पहलवान पर शानदार जीत के साथ की और अगले राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अमेरिकी पहलवान को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी।

# हादसे के दो घायलों ने तोड़ा दम, मचा हाहाकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** दो बाइकों की आमने सामने की हुई टक्कर में घायलों में से दो की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

बुधवार शाम करीब सात बजे नकुड़ रोड बाईपास पर दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने जबरदस्त टक्कर में पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही थाना नकुड़ प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी, चौकी प्रभारी विकास चारण और उपनिरीक्षक रणवीर सिंह शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से नकुड़ सीएचसी भेजा, जहां से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें पीजीआई पिलखनी रेफर कर दिया गया।

थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि हादसे में अंबेहटा निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार पुत्र शीशपाल और रणदेवा निवासी 17 वर्षीय आरिश पुत्र शहिद की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों मृतकों के परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव घर ले लिए। शेष तीन घायल मो. सिन, मुस्तफा, साकिब (सभी रणदेवा निवासी हैं। इलाज परिजन निजी अस्पतालों में करा रहे हैं। घायलों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति संभाली।

पुलिस ने घटनास्थल से दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को कब्जे में ले लिया है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है, इसलिए कोई केस दर्ज नहीं किया गया है।

## घर में बेटी की शादी की हो रही थी तैयारियां, बेटे की मौत की खबर से पसरा मातम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली हैं। शादी की तैयारियों के बीच दुखद हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में सन्नाटा छा गया है। मृतक युवक आरिश की बहन की शादी का उत्साह चरम पर था, लेकिन अब घर में केवल रो–रोकर बुरा हाल मच रहा है।

परिजनों के अनुसार, आरिश की बहन की शादी तय थी,जिसकी बारात शनिवार को आनी थी। गांव में हल्दी, मेहंदी और अन्य रस्मों की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। इसी बीच, बुधवार की शाम अंबेहटा क्षेत्र में दो बाइकों की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में आरिश समेत चार गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया,जहां इलाज के दौरान आरिश की दर्दनाक मौत हो गई। दूसरा भाई भी खतरे से बाहर नहीं है।बाप, मां, बहने फूट फूटकर रो रही है। गांव वाले सांत्वना देने पहुंचे रहे हैं लेकिन दर्द कम होने का नाम नहीं ले रहा।

## चोरों की सरंक्षक बनी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थानाक्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर चार चोरों पर घर में चोरी करने का आरोप लगाया है।ग्रामीण का कहना है कि उन्होंने एक चोर को पहचान लिया था और पुलिस को भी बता दिया था लेकिन कोई कार्रवाही नहीं की गई है।

थानाक्षेत्र के गाँव चुनेहटी गाड़ा निवासी सुलेमान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 19 अक्टूबर को रात्रि लगभग 2 बजे चार चोर घुस आए और चांदी की पाजेब की दो जोड़ी, 25 चांदी की अंगूठी और करीब 8 हजार रुपये चुरा लिए।चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ने की भी कोशिश की लेकिन वे उसमें कामयाब नहीं हो सके।पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नि ने एक चोर साकिब पुत्र मुस्तकीम को पहचान लिया था।साकिब बदमाश किस्म का व्यक्ति है और उस पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं और वह जेल भी जा चुका है।

# बैंक कर्मियों ने सांसद इमरान को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर फेडरेशन व भारतीय स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन का सयुक्त प्रतिनिधि मंडल सांसद इमरान मसूद से दिल्ली के सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट करते हुए बैंकिंग सेक्टर में सुधार, पुरानी पेंशन बहाली एवं आठवें वेतन आयोग के गठन सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों की विभिन्न मांगों का मांगपत्र सांसद को सौंपा।

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर फेडरेशन जिला यूनिट के उपाध्यक्ष सौरभ चोपड़ा ने बताया कि प्रति. निधि मंडल ने फाइव डे कार्यप्रणाली एवं पुरानी पेंशन बहाली सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से मा. सांसद को अवगत कराया हे जिस पर उन्होंने भरोसा दिया वह इन मुद्दों को लेकर हमारे साथ है। भारतीय स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन से मुकुल चौपड़ा ने बताया बैंकिंग सेक्टर में सुधार होना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही हमारे बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन सहित बहुत सी समस्याओं का सयुक्त मांगपत्र हमने सौंप दिया है। जल्द आगामी रणनीति बनाकर चरणबद्ध कार्यक्रम चलाकर अपना हक सरकार से मांगेंगे। ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेश प्रभारी तरुण भोला ने बताया कि जल्द सरकार वेतन आयोग के सदस्यों का गठन करे हमने सांसद को एनपीएस और यूपीएस में अंतर को स्पष्ट करते हुए ओपीएस तक पहुंचने के विकल्प भी सुझाए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूपीएस किसी भी तरह से कर्मचारियों को राहत नहीं देती है। सरकार से हम मुख्य रूप से तीन मांग रख रहे हैं, जिसमें प्रमुख है कि सरकार हमारी जमा राशि ब्याज सहित हमको वापस करे, वीआरएस जिस दिन से लिया जाए, उस दिन से पेंशन का लाभ दिया जाए एवं कर्मचारियों के अनिवार्य सेवा अवधि 25 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष तय करें।

# भैयादूज पर बहनों ने भाइयों के माथे पर लगाया तिलक, दीर्घायु होने की कामना















**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाई बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक भैयादूज पर्व श्रद्धा और पूर्ण आस्था के साथ मनाया गया। इस दौरान बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की तो भाइयों ने भी बहनों को आशीर्वाद स्वरुप उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा का संकल्प दोहराया।

आज भाई बहन के प्रेम का प्रतीक भैया दूज पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। पर्व को लेकर आज सुबह से ही हर घर में खुशियों की लहर थी और हर परिवार में नई उमंग देखने को मिली। कुछ घरों में भाई रात में ही बहनों के घर पहुंच गए थे और कुछ बहनें आज भाइयों के घर आने की प्रतीक्षा कर रही थी। हर घर में मेहमानों का आना–जाना था और सुबह से ही बहनें भाई के माथे पर तिलक करने को आतुर दिखाई दी। सभी बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। घरों में तरह–तरह के व्यंजन बनाए गए थे और दीपावली पर होने के साथ भैया दूज पर्व भी विशेष तैयारी की गई थी। बहनों के घर आने वाले भाइयों के आगमन की तैयारी में बहाने सुबह से ही तैयारी में जुटी हुई थी और जैसे ही भाई को अपने सामने देखा तो उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा। भैया दूज पर्व पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक किया और उनकी लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की कामना की, जिस पर भाइयों ने भी बहनों को आशीर्वाद स्वरुप उपहार देखकर उनकी रक्षा का वचन दिया। इस दौरान उपहार को लेकर भी कुछ विशेष देखने को मिला मिठाइयों से परहेज कर अन्य उपहार जैसे गिफ्ट पैक चॉकलेट बिस्किट ड्राई फ्रूट गिफ्ट हैंपर सहित अन्य उपहार भाइयों ने बहनों को दिए हर घर में आज खुशियों का माहौल बना था। भैयादूज पर्व को लेकर सुबह से लोगों को आना–जाना शुरू हो गया था। बसों और ट्रेनों में भारी भीड़ देखी गई। ट्रेनों व बसों में चढ़ने को लेकर लोगों में आपाधापी मची रही। इसी दौरान यात्री एक–दूसरे से बहस करते भी नजर आए। भीड़ देखकर ऐसा लग रहा था कि रेलवे व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए इंतजाम काफी कम हैं। भीड़ के मद्देनजर कुछ लोगों की तो ट्रेन भी छुट गई। यही हाल रोडवेज बसों का रहा। उत्तर प्रदेश सरकार भैयादूज पर्व को लेकर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी की गई थी परंतु अतिरिक्त बसें चलने के बावजूद भी भीड़ काबू नहीं हो रही थी। इसके अलावा प्राइवेट साधनों टैम्पो, ई–रिक्शा आदि ने भी यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए मनमाना किराया वसूला और सड़कों पर नागरिक अपनी बहनों के घर जाने के लिए अपने निजी वाहनों कारों व मोटरसाइकिल पर भी देर सायं दौड़ते नजर आए।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भैया दूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बृहस्पतिवार को भैयादूज के पर्व पर नगर के सम्पूर्ण बाजारों में भारी चहल पहल देखने को मिली। मिठाइयों की दुकानों पर मिठाई खरीदने वालों का तांता लगा रहा। चारों ओर हर्ष और खुशी का माहौल रहा। वहीं बस व ऑटो भी सवारियों से खचाखच भरे दिखाई दिए। दुकानों पर भारी भीड़ के चलते सभी दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।

पर्व पर बहनों ने अपने अपने भाईयों को तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना करते हुए कथा पढ़ी। तिलक करने के उपरांत भाइयों ने बहनों को उनकी हर संभव सहायता व जीवनभर रक्षा का करने का प्रण लेते हुए अनेकों प्रकार के गिफ्ट, और मिठाई प्रदान किए। नन्हे बच्चों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

**रामपुर मनिहारान।** हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक जमील फोरमैन ने अपनी वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए भैया दूज पर अपनी हिन्दू बहनों के घर पहुँच कर उपहार भेंट किए। हिन्दू बहनों ने भी जमील फोरमैन की लंबी आयु और खुशहाली की दुआएं की।

क्षेत्र में हिन्दू मुस्लिम एकता के रूप में प्रसिद्ध जमील फोरमैन ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी भैया दूज के पावन पर्व पर अंजू गुप्ता, शिवानी, रूसी, पिंकी, सोनिया, किरण आदि हिन्दू बहनों के घर पहुँच कर उन्हें उपहार दिए और गंगा जमनी तहजीब की मिसाल पेश की।बहनों ने भी अपने भाई जमील फोरमैन की लंबी उम्र और खुशहाली की दुआएं की।बहनों ने कहा कि जमील फोरमैन भाई के आने से हमारी खुशियां बढ़ जाती हैं।

वरिष्ठ समाजसेवी जमील फोरमैन ने कहा कि पिछले 21 वर्षों से वह रक्षा बंधन,भैया दूज और ईद पर अपनी हिन्दू बहनों के घर जाते हैं और उनका हक और अपना फर्ज अदा करते हैं।उन्होंने कहा कि भारत में सभी धर्मों को मानने वाले प्यार से एक साथ रहते हैं यह हमारे देश की खासियत है और यही हमारे देश को महान बनाती है।जमील फोरमैन ने कहा कि वह आजीवन इन रिश्तों को निभाएँगे।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मेंभैय्या दूज का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। इस दौरान बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आया की कामना की गई। वही भाइयों ने अभी अपनी बहनों को उपहार दिए गए। भैय्या दूज पर काफी भीड़ नजर आई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मुस्तैद रहा।

गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भैय्या दूज का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। इस अवसर पर भाई अपनी बहनों के घर जाकर उनसे तिलक लगवाया और उन्हें उपहार दिए वही बहनों ने भी अपनी बहनों की लम्बी आयु की मनोकामनाएं मांगी। भैय्या दूज को लेकर बाजारों मे काफी भीड़ रही आवागमन भी सड़कों पर वाहनों का अधिक रहा । इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त करते रहे । शान्ति और भाईचारे के साथ भैय्या दूज का पर्व सम्पन्न हो गया।

**गंगोह।** क्षेत्र व नगर में भाई–बहनों का पवित्र त्योहार भैय्यादूज पूरे उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

नगर में हर त्यौहार की तरह भैयादूज को भी हिन्दु मुस्लिम एकता व साम्प्रदायिक सौहार्द का नजारा नजर आया। बहनों द्वारा भाईयों की दीर्घायु व स्वास्थय और खुशहाली की कामना के लिए मनाया जाने वाला भाई बहनों का पवित्र त्योहार भैय्यादूज पूरे उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाईयों ने आशीर्वाद देते हुए उन्हें सदा सुखी रहने और उनके खुशहाल दाम्पत्य जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की और बहनों को उपहार व नगद राशि प्रदान की। बहनों ने भी भाईयों को गोला व उपहार प्रदान कर उनका सम्मान किया।

नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद के पुत्र हमजा मसूद ने भी अपनी मुंहबोली हिन्दु बहनों से तिलक लगवाकर उपहार भेंट किये।

हमजा मसूद ने भी परम्परागत रुप से दादा से जुडे दर्शनलाल पटवे के सुपुत्रों छोटे बडे पटवा के नाम से मशहूर किशोर पटवे के परिवार में जाकर उनकी बेटियों नन्दनी पटवा और तनिषा पटवा बहन से तिलक करवाया और नगद राशि व उपहार भेंट किया।

## भैयादूज पर कारागार से सुधरकर लौटने का किया वायदा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के माथे में तिलक करने के लिए आज जिला कारागार के मुख्य द्वार पर महिलाओं की भारी भीड़ रही। सुबह से जिला कारागार के मुख्य द्वार पर महिलाओं की लम्बी कतार लगनी शुरू हो गई थी।

जिला कारागार प्रशासन द्वारा बहनों को उनके भाइयों के माथे पर तिलक करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक भैया दूज पर्व जिला कारागार में भावनाओं से भरा रहा। जेल में निरुद्ध कैदियों की बहनों ने नम आँखों से अपने भाइयों के माथे पर तिलक किया और उनके शीघ्र रिहा होने की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों के चरण स्पर्श कर अपराध की राह छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया। जिला कारागार परिसर में सुबह से ही बहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। प्रशासन की अनुमति मिलने पर बहनों ने अपने भाइयों के साथ मिलकर तिलक, मिठाई व आरती के साथ पर्व मनाया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि भैया दूज पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई थीं। बहनों ने भावुक होकर कहा कि अगली बार वे यह त्योहार घर पर मनाने की उम्मीद रखती हैं, न कि जेल में। उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की। भाई दूज के इस अवसर ने जेल की दीवारों के भीतर भी भाई–बहन के अटूट प्रेम और सुधार की भावना को जीवंत कर दिया। जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश सिंह, जेलर प्रशांत उपाध्याय और समस्त जेल स्टाफ के प्रयासों से आयोजन सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# बारात में जा रहे तीन युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** दो अलग अलग बाइकों पर सवार होकर बारात में जा रहे तीन युवक सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये।

बुधवार को चिलकाना क्षेत्र के गांव बुड्ढाखेडा में एक ही घर में दो लड़कियों की शादी थी। जिनकी बारातें कस्बा चिलकाना व गांव पठेड से आ रही थी। बताया जा रहा है कि चिलकाना से जाने वाली बारात में नयाब पुत्र नसीर निवासी मोहल्ला जाकिर हुसैन कस्बा व थाना चिलक. ाना व साजिद पुत्र बुन्दू निवासी मोहल्ला मजहर हसन थाना कस्बा व थाना चिलकाना बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही वह गांव पटनी के शमशान घाट के निकट पहुंचे तभी उनकी बाइक का संतुलन बिगड जाने के कारण सडक पर गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गये।वहीं पठेड़ गांव से आ रही दूसरी बारात में बाईक सवार शाहवेज पुत्र मेहरबान निवासी ग्राम पठेड की बाइक बुड्ढाखेड़ा से पहले सड़क पर बने गहरे गड्ढे में गिर गई। हादसे मे शाहवेज गंभीर रूप से घायल हो गया। बारात में आये अन्य लोगों द्वारा शाहवेज को सहारनपुर में एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

## दो नशा तस्कर गिरफ्तार, चरस बरामद

चिलकाना। थाना पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने दो शातिर आरोपी नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 1.5 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की गई है।

बृहस्पतिवार को ऑपरेशन सवेरा के तहत थानाध्यक्ष विनोद कुमार की अगुवाई में मुखबिर की सूचना पर पुलिस तथा मिशन शक्ति की संयुक्त टीम द्वारा गश्त व चैकिंग के दौरान 2 शातिर आरोपी नशा तस्कर शिव कुमार पुत्र बलवीर निवासी ग्राम दुमझेड़ा थाना चिलकाना व प्रमोद पुत्र सहीराम निवासी ग्राम शेखपुरा थाना सरसावा को दुमझेडा मार्ग पर ट्यूबवैल के निकट से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई अंकित कुमार, महिला एसआई सुमन, हैड कांस्टेबल अरविन्द कुमार, अजय राठी, कांस्टेबल अनुज राणा, कृष्णवीर व महिला कांस्टेबल प्रियम पंवार पुलिस टीम शामिल रहे।

# 25 को होगी शिक्षा संगोष्ठी: डा. मलिक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रद. ेशाध्यक्ष डा. अशोक मलिक ने कहा कि जनमंच सभागार में 25 अक्टूबर को शिक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

डा. अशोक मलिक लेबर कॉलोनी स्थित बी डी एम पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विधालय शिक्षक संघ की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि संगठन द्वारा 2015 से मान्यता के मानकों को आसान करने के लिए आंदोलन किया जा रहे थे परंतु एक दशक पूर्ण होने के बाद भी उत्तर प्रदेश सरकार ने माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड में इंटर कॉलेज की 9/4 की मान्यता बहाल नहीं की गई अब शिक्षा के क्षेत्र में संस्कार युक्त शिक्षा देकर भारतीय संस्कृति सभ्यता के दायरे में रहकर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन पतंजलि के द्वारा किया गया है इस प्रकार भारतीय शिक्षा बोर्ड के द्वारा इणटर की मान्यता लेना आसान हो गया है इससे ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा से वंचित रहने वाली बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त होगा और देश में साक्षरता प्रतिशत भी बढ़ेगा देश की आजादी के 76 वर्षों के उपरांत भी आज देश में साक्षरता 72% है भारतीय शिक्षा बोर्ड की मान्यता के उपरांत अब 100%साक्षरता प्रतिशत हो जाएगी साक्षरता प्रतिशत बढ़ाने के लिए हम लगातार संघर्ष कर रहे हैं सरकार की महत्वपूर्ण योजना को हम आगे बढ़ा रहे हैं लेकिन वर्तमान सरकार निजी स्कूलों के साथ सौतेला व्यवहार करते आ रहे हैं समय–समय पर जनता को जागृत कर सरकार को अवगत करते आ रहे हैं भारतीय शिक्षा शिक्षा परिषद में भारतीय शिक्षा बोर्ड मिल का पत्थर साबित होगा हमें उम्मीद है इस प्रकार सभी निजी स्कूल संचालकों से अनुरोध किया जा रहा है कि 25 अक्टूबर को गांधी पार्क के जनमंच में स्कूलों की मान्यता से संबंधित एक संगोष्ठी का कार्यक्रम कमिश्नर मुख्य अतिथि होंगे मंडल के अन्य सभी शिक्षा विभाग के अधिकारीगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे

निजी स्कूलों के संचालकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में 25 अक्टूबर को जनमच सभागार में पहुंचने का आह्वान किया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति भी तैयार की गई है

मीटिंग में वीरेंद्र पवार कोषाध्यक्ष धनंजय शर्मा प्रभारी महानगर प्रभारी अजय सिंह रावत जिला महामंत्री हंस कुमार प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट महानगर अध्यक्ष गययूर आलम केपी सिंह अरविंद शर्मा अनिल सचदेवा आदि उपस्थित रहे

# अब्बासी समाज के गुलबहार राष्ट्रीय महासचिव बने




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया अब्बासी महासभा ने समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय और लोकप्रिय व्यक्तित्व गुलबहार अब्बासी को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है।

इस नियुक्ति की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी शमशेर अब्बासी ने की, उन्होंने कहा कि गुलबहार अब्बासी ने हमेशा समाज के उत्थान, भाईचारे और एकजुटता के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

हाजी शमशेर अब्बासी ने बताया कि संगठन ने यह निर्णय गुलबहार अब्बासी की निष्ठा और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए लिया है। उन्होंने भरोसा जताया कि वे अपने अनुभव और कार्यकुशलता से संगठन को नई दिशा देंगे। गुलबहार अब्बासी को यह जिम्मेदारी मिलने पर समाज के लोगों में खुशी की लहर है। विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और समुदाय के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आपको बता दे कि गुलबहार अब्बासी सहारनपुर के गद्दावर नेता इमरान मसूद के बेहद करीबी माने जाते हैं और लंबे समय से उनके साथ कदम से कदम मिलाकर सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

गुलबहार अब्बासी का व्यवहार एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है। वे हर वर्ग के लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं और समाज में आपसी भाईचारा व एकता को मजबूत करने का काम कर रहे हैं।

अपनी नियुक्ति पर धन्यवाद व्यक्त करते हुए गुलबहार अब्बासी ने कहा, मुझे गर्व है कि संगठन ने मुझ पर भरोसा जताया, मैं समाज की सेवा में पूरी ईमानदारी से काम करूंगा और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगा।"

ऑल इंडिया अब्बासी महासभा सामाजिक उत्थान, शिक्षा, रोजगार और एकता के क्षेत्र में सक्रिय संगठन है। गुलबहार अब्बासी की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## चरस के साथ तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी के पास से 146 ग्राम अवैध चरस बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश किया।

बेहट कोतवाली के उप निरीक्षक अरुण कुमार, अपने साथ हैंड कांस्टेबल राहुल राणा, कांस्टेबल मनजीत व जसवंत सिंह को साथ लेकर बुद्धवार देर शाम भोजेवाला गांव के पास गश्त पर थे। गश्त के दौरान उन्हें एक युवक संदिग्ध हालत में आता दिखाई दिया जिसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से लगभग 146 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। चरस के बरामद होने पर उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम साकिर निवासी शेखपुर मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर बताया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

# मुलाकात पर विराम

22वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन में जोकि 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में हो रहा है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाली मुलाकात पर विराम गुरुवार को उस समय लग गया, जब पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से शिरकत करने की जानकारी दी। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर पीएम मोदी 26 अक्टूबर को आसियान शिखर सम्मेलन में वर्चअुल माध्यम से भाग लेंगे। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि पीएम मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। भारत का यह भी कहना है कि आसियान के साथ संबंधों को मजबूत करना उसकी नीति और हमारे हिन्द प्रशांत दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर 27 अक्टूबर को क्वालालंपुर में 20वें पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट के माध्यम से कहा कि उनकी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बात हुई जिसमें उन्होंने आसियान की अध्यक्षता के लिए बधाई दी और आगामी सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं। मोदी की पोस्ट की प्रतिक्रिया में मलेशिया के पीएम ने एक पोस्ट में बताया कि भारतीय पीएम ने उन्हें फोन किया और व्यापार निवेश प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मुद्दे पर चर्चा की और श्री मोदी ने उन्हें बताया कि वह शिखर सम्मेलन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे, क्योंकि भारत में इस समय त्योहार चल रहे हैं। असल में भारत–अमेरिका में व्यापार समझौतों को लेकर अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है और यह कयास लगाए जा रहे थे कि आसियान शिखर सम्मेलन में ट्रम्प और मोदी के बीच मुलाकात के दौरान इसमें कोई प्रगति हो सकती है, लेकिन अब जबकि पीएम मोदी मलेशिया नहीं जा रहे हैं, तो दोनों के बीच मुलाकात की संभावना खत्म हो गई है। जाहिर है, राजनीतिक जानक. ार पीएम के इस सम्मेलन से वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के पीछे अमेरिका और भारत के बीच पिछले कुछ समय से खट्टे मीठे रिश्ते चल रहे हैं। ट्रम्प पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त भी बताते हैं, लेकिन साथ ही साथ ऐसी हरकतें करते हैं जिससे उनके सामने असहज स्थिति पैदा हो जाती है। भले ही मलेशिया न जाने के पीछे भारत में हो रहे त्योहार भी एक कारण रहा हो, लेकिन यह भी सच है कि भारत और अमेरिका के बीच इस समय रिश्ते नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

## गगनयान मिशन की तैयारियां तेज



भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं, अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है, गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है, इस मिशन के लिए राकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, आर्बिटल माड्यूल तैयार करना था और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव–संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं, अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

**–वी. नारायणन, इसरो प्रमुख**

# जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे





**उर्मिलेश**

**बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन–चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ–साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है।**

चुनाव लड़ने वाली हर पार्टी चाहती है और चाहना चाहिए कि आगामी चुनाव में उसका प्रदर्शन पिछले चुनाव के मुक. ाबले बेहतर हो। इसके लिए समझदार नेतृत्व वाली पार्टियां पिछले चुनाव की अपनी कमजोरियों से सबक लेती हैं।

बिहार के विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियों ने क्या अतीत की अपनी कमजोरी से कोई सबक लिया है या लेती नजर आ रही हैं ? पहले कांग्रेस की चर्चा करते हैं, वह देश की सबसे पुरानी और अनुभवी पार्टी है, वैचारिक रूप से आज वह राष्ट्रीय स्तर पर INDIA एलायंस का नेतृत्व भी कर रही है, लेकिन मेरे हिसाब से इस चुनाव में वह भारी गलतियां करती नजर आ रही है, अतीत से कोई सबक न लेने वाली पार्टियों में उसका रिकॉर्ड सबसे खराब है।

पिछले चुनाव (2020) में उसका स्ट्राइक रेट सबसे खराब था, गठबंधन में उसने अपने राष्ट्रीय पार्टी के दबदबे का इस्तेमाल किया और जिद करके 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह मात्र 19 सीट पर ही जीत सकी, राष्ट्रीय जनता दल ने 144 सीटों पर उम्मीदवार दिए थे, उसे 75 सीटों पर कामयाबी मिली। सीपीआई–माले को लड़ने के लिए गठबंधन ने सिर्फ 19 सीटें दीं उसने 12 पर जीत हासिल की, इस तरह स्ट्राइक रेट के हिसाब से सीपीआई–माले नंबर वन और राष्ट्रीय जनता दल दूसरे नंबर पर रहा, कांग्रेस फिसड्डी रही, उसके कम स्ट्राइक रेट को भी महागठबंधन की सरकार न बनने के कारणों में शुमार किया गया। ऐसे में कांग्रेस का यह कर्तव्य बनता था कि वह अपने संगठन की सक्रियता और उम्मीदवारों के चयन पर ज्यादा सजग रहती, लेकिन असलियत उसके उलट रही। बिहार में बीते काफी समय से कांग्रेस की कोई प्रांतीय कमेटी तक नहीं है, सिर्फ एक अध्यक्ष है और केंद्रीय संगठन से भेजा एक राज्य प्रभारी! यही दोनों पूरे बिहार कांग्रेस का संगठन चलाते हैं, दोनों में, ज्यादा असरदार राज्य प्रभारी है क्योंकि वह केंद्रीय नेतृत्व का दूत है।

ये दोनों मिलकर पूरे राज्य में विधिवत संगठन तो नहीं बना सके, 2025 चुनाव के लिए 34–40 अच्छे उम्मीदवार भी नहीं खोज सके, लेकिन लड रहे हैं 60 या 61 सीटों पर। पिछली बार की 70 संख्या से 10 नीचे उतरे हैं। मेरे हिसाब से कांग्रेस को 45–50 से ज्यादा सीटों पर नहीं लडना चाहिए था, बची हुई 10 सीटें वामपंथी दलों को दे देनी चाहिए थी। अपने संगठन और महागठबंधन के जनाधार के बल पर वे कांग्रेस के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करते।राष्ट्रीय जनता दल को भी अपनी सूची से यादव समुदाय के 51 उम्मीदवारों की संख्या घटानी चाहिए थी और अति पिछड़े वर्ग EBC के प्रत्याशियों का प्रतिनिधित्व और बढ़ाना चाहिए था।

कांग्रेस ने जिस तरह की उम्मीदवार सूची जारी की है, वह सिर्फ महागठबंधन के लिए ही नहीं, स्वयं उसके लिए भी आत्मघाती साबित हो सकती है। अगर पांच साल बाद फिर ऐसे आत्मघात की पुनरावृत्ति से बचना है तो सिर्फ एक ही विकल्प है। जननायक राहुल गांधी अब और समय गंवाए बगैर बिहार जाकर कैम्प करें और हर दिन ज्यादा से ज्यादा चुनाव सभाएं करें। उन्हें एक और कदम उठाना होगा, चुनाव के दौरान अचानक कांग्रेस के स्वघोषित नेता बनकर अवतरित होने वाले कुछ बड़बोले नेताओं की ऊटपटांग बयानबाजी को भी वह नियंत्रित करें। अगर वह ऐसा नहीं कर पाए तो बिहार में कांग्रेस और महागठबंधन का बंटाधार अवश्यंभावी है।

बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन–चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ–साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है। फिर कांग्रेस को इसे घोषित करने में क्या समस्या आ रही है। वह भी तब जबकि कांग्रेस को छोड़कर गठबंधन के सारे घटक दल तेजस्वी को ब्ड चेहरा बनाने के विचार से सहमत हैं। तो क्या माना जाए, हर काम–हर फैसला देर से करने वाली कांग्रेस कल पटना में आयोजित साझा प्रेस कांफ्रेंस में इस आशय की घोषणा करने के पक्ष में उतरेगी?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की इमरतियां बिहार को डरा तो नहीं रहीं

**देश देखना यह चाहता है कि 14 नवम्बर के ऐतिहासिक दिन को राहुल इंडिया ब्लॉक के लिए इमरतियों का स्वाद चखने जैसा रख पाते हैं या नहीं ? देश इस बात पर आपा नहीं खोना चाहेगा कि नतीजों की घोषणा के साथ ही राहुल गांधी फिर किसी लंबी छुट्टी पर विदेश रवाना हो गए हैं। बिहार में चुनाव लड़ रहे प्रमुख राजनीतिक दलों को अपनी हार के कारणों की समीक्षा बजाय 14 नवम्बर को नतीजे प्राप्त होने के बाद करने के कमिटियां बनाकर अभी से प्रारंभ कर देना चाहिए। निश्चित ही निष्कर्ष वैसे ही प्राप्त होंगे जैसे नतीजों की घोषणा के बाद होने वाले होंगे।**



**श्रवण गर्ग**

बिहार चुनावों को लेकर विपक्षी महागठबंधन के विभिन्न घटकों के बीच चल रही तनातनी और उसमें कांग्रेस की भूमिका ने उन तमाम लोगों के मन में सवाल खड़े कर दिए हैं जिन्होंने बीजेपी और संघ की नीतियों के खिलाफ लड़ाई में अपने भाग्य को राहुल गांधी के नेतृत्व के साथ नत्थी कर रखा है। भय उत्पन्न होने लगा है कि राहुल की लड़ाई के प्रति दिए जा रहे समर्थन को क्या चुनाव–नतीजों की घोषणा तक अस्थाई कर दिया जाना चाहिए?

मोदी के सत्ता में आने के बाद पिछले 11 सालों के दौरान चले घटनाक्रम, विशेषकर 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद, कांग्रेस कई बार सिद्ध कर चुकी है कि उसने जनता को निराश करने की अपार क्षमताएं अर्जित कर ली हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच प्रकट हुआ तनाव कोई अपवाद नहीं बल्कि उसके विफल होने की दिशा में एक और प्रयोग दिखाई पड़ रहा है। कहना मुश्किल है कि विपक्ष की सफलता का रहस्य मतदान के ठीक पहले अपेक्षित राहुल के किसी विस्फोटक चमत्कार में छुपा हुआ है या इन उम्मीदों में कि प्रशांत किशोर द्वारा खड़े किए गए 240 उम्मीदवार एनडीए के वोट बैंक में निर्णायक सैंध लगा सकते हैं। ऐसी किसी भी परिस्थिति के नायक तब प्रशांत किशोर माने जाएंगे राहुल गांधी नहीं। राहुल गांधी द्वारा किए जाने वाले 'हाइड्रोजन बम' विस्फोट की प्रतीक्षा अभी खघ्त्म नहीं हुई है। उसका बिहार में कम और देश–दुनिया में ज्यादा इंतजार हो रहा है। इसमें यह भी शामिल है कि 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया' वाली स्थिति में सफाई क्या दी जाएगी?

जिस तरह की खबरें बिहार से बाहर निकलकर देश के हिस्सों में पहुंच रही हैं डराती हैं कि विपक्ष की जो लड़ाई संविधान और वोटर अधिकारों की रक्षा को लेकर प्रारंभ हुई थी वह किस तरह देखते ही देखते किसी भी कीमत पर सत्ता में हिस्सेदारी प्राप्त करने के कुर्ता फाड़ संघर्ष में तब्दील हो गई। इसी बीच अपने ही द्वारा खड़े किए गए महत्वाकांक्षी परिदृश्य से राहुल गांधी ने स्वयं को चुपचाप अनुपस्थित भी कर लिया। महागठबंधन का सर्वमान्य नेता इस समय कौन है खबरों को पता नहीं ! राहुल गांधी द्वारा पार्टी के दूसरे हिन्दी–भाषी राज्यों में व्याप्त असंतोष और पराजय के लिए दोषी ठहराए जा चुके सेनापतियों को ही बिहार की आग बुझाने के काम में झोंका गया है।

बिहार चुनावों के जरिए राहुल गांधी जो सिद्ध करना चाह रहे थे वह महागठबंधन के घटक दलों की आपसी नाराजगी के बीच लगभग गुम हो चुका है। जो नजर आ रहा है वह सिर्फ यह है कि बीजेपी ने किसी भी कघ्मित पर बिहार को खघ्रीदने के लिए समस्त उपलब्ध संसाधनों और संस्थाओं को झोंक दिया है ! थोड़े शब्दों में बड़ी बात कहना हो तो बिहार विजय के जरिए मोदी राहुल गांधी नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष देश पर अपनी पकड़ और जनता के समर्थन का प्रदर्शन करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए कि विधानसभा चुनावों में एनडीए की हार को नीतीश सरकार के खिलाफ बिहार की जनता का वोट नहीं बल्कि मोदी की हुकूमत के प्रति देश का अविश्वास माना जाएगा। सत्तारूढ़ दल की सां. प्रदायिक और विभाजनकारी नीतियों का विरोध करने वाले तमाम लोग बिहार में महागठबंधन की विजय की यही मानते हुए प्रतीक्षा कर रहे हैं कि परिणाम उस 'इंडिया ब्लॉक' को राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्जीवित करेंगे जिसे बीजेपी के मार्गदर्शन में ध्वस्त करने में प्रमुख भूमिका नीतीश कुमार की रही है। चुनाव के नतीजे उन लाखों–करोड़ों लोगों के मनोबल को मजबूत या कमजोर करने वाले हैं जिन्होंने अपने संवैधानिक अस्तित्व को बिहार से बीजेपी और राजनीति से नीतिश कुमार की विदाई के साथ जोड़ रखा है। मीडिया अभी तो यही दिखला रहा है कि बिहार में महागठबंधन की लड़ाई अकेले तेजस्वी लड़ रहे हैं और राहुल पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में 'घंटेवाला स्वीट्स' के यहां इमरतियां तल रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर उठते सवाल



**योगेश कुमार गोयल**

वर्ष 1945 में दुनिया के 50 देशों ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। दरअसल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनाने के लिए एक नए संगठन की स्थापना का विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा 12 जून 1941 को लंदन में हस्ताक्षरित अंतर–मैत्री उद्घोषणा में पहली बार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त हुआ था। उस उद्घोषणा के अंतर्गत एक स्वतंत्र विश्व के निर्माण हेतु कार्य करने का आव्हान किया गया था, जिसमें लोग शांति और सुरक्षा के साथ भयमुक्त वातावरण में रह सकें तथा निजीकरण एवं आर्थिक सहयोग के मार्ग की खोज कर सकें। उसके बाद 1944 में सोवियत संघ, अमेरिका, चीन तथा ब्रिटेन के प्रतिनिधियों द्वारा वाशिंगटन के डम्बर्टन ओक्स एस्टेट में कई बैठकों के आयोजन के बाद एक शांतिरक्षक वैश्विक संस्था बनाने की रूपरेखा तैयार की गई, जिसके आधार पर 50 देशों के प्रतिनिधियों के बीच 1945 में बातचीत हुई और 26 जून 1945 को सभी 50 देशों द्वारा चार्टर पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद यह चार्टर 24 अक्तूबर 1945 से प्रभावी हो गया। तभी से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' मनाया जाने लगा।

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को इतनी शक्तियां प्रदान की गई कि वह अपने सदस्य देशों की सेनाओं को विश्व शांति के लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से ही दुनिया के अनेक देश इसके साथ जुड़ते गए और 50 सदस्यों के साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघ के सदस्य देशों की संख्या अब 193 हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की संरचना में सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फ्रांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्ध में अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्यों में युद्ध रोकना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, सभी देशों के बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को निभाने की प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगों की सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमा. रियों से लड़ना इत्यादि शामिल हैं और इन उद्देश्यों को निभाने के लिए 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गई।

हालांकि विडम्बना है कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के इन 80 वर्षों में यह वैश्विक संस्था अब धीरे–धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते 80 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाज से संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थाई सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांस के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियों का खामियाजा भारत के अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इजरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी



अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशों को भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा की स्थाई सदस्यता के लिए तमाम मानदंडों को पूरा करने के बाद भी दशकों से सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य बनने के लिए प्रयासरत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशकों में विश्व के सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूप से बदल जाने के बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थाई सदस्यों में से कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थाई सीट को छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र में आम सहमति है लेकिन चीन को खासकर एशिया से वीटो अधिकार वाले सदस्यों की संख्या बढ़ाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है, जहां स्थाई सदस्यता के दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणों से संदेह करता है। भारत ने जिस चीन को मान्यता देने में पहल की थी और सुरक्षा परिषद में उसकी स्थाई सीट को सिद्धांत के तौर पर लेने से मना कर दिया था, आज वही चीन भारत की स्थाई सदस्यता के मार्ग में रोड़े अटका रहा है। भारत चीन के वीटो पावर के कारण ही सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य नहीं बन पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव बाध्यकारी प्रकृति के नहीं होते। आश्चर्य की बात है कि महासभा में 193 सदस्य देशों द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव भी सुरक्षा परिषद के 5 स्थाई सदस्यों की सहमति पर ही निर्भर करते हैं। इसीलिए अनेक देशों द्वारा इसमें सुधार किए जाने की मांग बीते कई वर्षों से निरंतर की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी की वकालत करते हुए कह चुके हैं कि नई ताकतों को केन्द्रीय भूमिका में लाए बिना दुनिया की यह सबसे बड़ी पंचायत स्वयं से की जाने वाली अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाएगी। दुनिया के कई देश बार–बार कहते रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र का ढ़ांचा अब पुराना पड़ चुका है और इसकी स्थापना के समय जो परिस्थितियां थी, वे अब बहुत पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में यह महत्वहीन होती चली जाएगी।

रूस–यूक्रेन युद्ध हो या इजरायल–फलस्तीन, इन संघर्षों में दोनों ही पक्षों के हजारों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, लाखों की आबादी पलायन की त्रासदी से जूझ रही है, शहर के शहर मलबे में तब्दील हो रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ इन संघर्षों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सका है। इसीलिए दुनिया में जगह–जगह युद्ध टालने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से ठोस योजनाओं पर अमल किए जाने की जरूरत महसूस होती रही है क्योंकि इस वैश्विक संस्था का गठन ही दुनिया में अमन–चौन कायम रखने के उद्देश्य के साथ किया गया था, लेकिन चिंता की बात है कि इन युद्धों में उसकी निष्क्रियता समूची मानव सभ्यता पर भारी पड़ रही है। भीषण होते इन युद्धों के कारण दुनिया अब दो धड़ों में बंटती जा रही है और संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश सदस्य देश भी अब केवल बयान जारी करने से आगे नहीं बढ़ रहे। बहरहाल, यदि अभी भी संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है तो यह संस्था आने वाले समय में अपना महत्व खो देगी। सही मायनों में दुनिया की इस सबसे बड़ी पंचायत को अब गंभीर आत्ममंथन की जरूरत के साथ पर्याप्त सुधारों की सख्त दरकार है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में दो लोग समुद्र में डूबे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में बुधवार को आई तेज आंधी के दौरान दक्षिण-पूर्वी मेलबर्न में दो लोगों की समुद्र में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि दोनों व्यक्तियों में से एक ब्रिटिश नागरिक था, जो विषम परिस्थितियों में सर्फिंग कर रहा था और दूसरा उसका दोस्त था, जिसने उसे बचाने की कोशिश भी की। विक्टोरिया पुलिस ने एक बयान में कहा कि बुधवार अपराह्न मध्य मेलबर्न से 38 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में फ्रैंकस्टन बीच पर पानी में दो व्यक्तियों के फंसने की सूचना पर आपातकालीन सेवा कर्मियों को बुलाया गया था। पुलिस के एक हेलीकॉप्टर से देखने पर दोनों व्यक्तियों को पानी में बेहा.ेश पाया गया।

### रूस के चेल्याबिस्क में विस्फोट, मरने वालों की संख्या नौ हुई

**मास्को।** रूस के चेल्याबिस्क क्षेत्र में एक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्सी टेक्सलर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर बताया कि विस्फोट एक संयंत्र में हुआ। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह एक ड्रोन हमला है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि विस्फोट सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के कारण हुआ।

### वेनेजुएला में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**काराकस।** पश्चिमी वेनेजुएला में ताचिरा के पैरामिलो हवाई अड्डे पर बुधवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संस्थान (आईएनएसी) यह जानकारी दी है। आईएनएसी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि संबंधित प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए और हवाई अड्डे के विमानन अग्निशामकों ने दुर्घटना पर तुरंत कार्रवाई की। एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### रूस के व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट चार लोगों की मौत

**मास्को।** रूस में चेल्याबिस्क क्षेत्र के कोपेयस्क शहर स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट होने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर एलेक्सी टेक्सलर ने कहा कि फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह ड्रोन हमला है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और एक कमान सेंटर स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के निवासियों या नागरिक संपत्ति को कोई खतरा नहीं है।

# भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक हफ्ते में पांचवीं बार रूसी तेल खरीद का मुद्दा उठाया



जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे, यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर आश्वासन दिया है कि भारत इस वर्ष के अंत तक रूसी तेल आयात को 'तेजी से कम' करेगा। नाटो महासचिव मार्क रटे के साथ व्हाइट हाउस में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि भारत वर्तमान में अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता है, लेकिन उनकी योजना आने वाले महीनों में इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की है। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे। यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते।

लेकिन साल के अंत तक, यह लगभग शून्य हो जाएगा। यह एक बड़ी बात है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कमी धीरे-धीरे होगी ताकि वैश्विक बाजार स्थिर रहे। भारत का रूख बहुत अच्छा रहा है। मैंने कल प्रधानमंत्री मोदी से बात की, और वे पूरी तरह से शानदार रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणी कुछ दिनों बाद आई है, जब उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नई दिल्ली रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने भारत की ऊर्जा नीति को संभावित अमेरिकी टैरिफ से भी जोड़ा, चेतावनी दी कि भारतीय सामानों पर उच्च आयात शुल्क तब तक लागू रहेंगे जब तक देश मॉस्को से तेल खरीदना बंद नहीं करता। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन पर बातचीत के दौरान कहा कि अगर वे ऐसा कहना चाहते हैं, तो उन्हें भारी आयात शुल्क का भुगतान जारी रखना होगा-और वे ऐसा नहीं करना चाहते। अमेरिका ने पहले ही कुछ भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिनमें से 25 प्रतिशत नई दिल्ली के रूसी कच्चे तेल आयात के कारण है। अमेरिकी नेता ने कहा कि वह चीन के रूसी ऊर्जा और तेल व्यापार के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से चर्चा करने की योजना बना रहे हैं, ताकि मॉस्को पर शांति समझौते के लिए बातचीत करने का दबाव डाला जा सके। ट्रम्प ने अपने पूर्ववर्तियों, जो बाइडन और बराक ओबामा की भी आलोचना की, उनकी नीतियों को चीन और रूस को करीब लाने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि चीन थोड़ा अलग है। उनका रूस के साथ थोड़ा अलग रिश्ता है। यह कभी अच्छा नहीं था, लेकिन बाइडन और ओबामा की वजह से, उन्हें एक साथ मजबूर किया गया। उन्हें कभी एक साथ नहीं होना चाहिए था-वे (चीन-रूस) दोस्ताना नहीं हो सकते-मुझे उम्मीद है कि वे दोस्ताना हैं, लेकिन वे नहीं हो सकते।

### अमेरिका ने रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य मास्को पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बनाना है। अमेरिका का यह कदम महीनों से अटकी कूटनीति और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूख से बढ़ती निराशा के बाद उठाया गया है। ट्रम्प ने नाटो महासचिव मार्क रूट की मेजबानी करते हुए व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया कि आज एक बहुत बड़ा दिन है। देखिए, ये बहुत बड़े प्रतिबंध हैं। ये उसकी दो बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ हैं। हमें उम्मीद है कि युद्ध अब समाप्त हो जाएगा। हमने अभी-अभी विभिन्न प्रकार की मिसाइलों और अन्य सभी चीजों के बारे में बात की है जिन पर हम विचार कर रहे हैं। लेकिन हमें नहीं लगता कि इसकी जरूरत होगी। अमेरिकी वित्त विभाग ने भी उन पर प्रतिबंध लगाए हैं जो अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की संपत्तियों को जब्त कर लेंगे।



मथूरा। 'भाई दूज' के अवसर पर यमुना नदी में डुबकी लगाते हुए श्रद्धालु।

### जॉर्डन ने गाजा से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला

**अम्मान।** जॉर्डन के सशस्त्र बलों (जेएएफ) ने बुधवार को 'जॉर्डन चिकित्सा गलियारे' पहल के तहत गाजा पट्टी से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला। जेएएफ ने बताया कि इस जत्थे में 12 मरीज और 38 उनके साथी शामिल हैं। बीमार लोगों को जॉर्डन के स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के समन्वय में जॉर्डन के अस्पतालों में इलाज किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य फलस्तीनियों का समर्थन करना और उनकी मानवीय पीड़ा को कम करना है। जॉर्डन ने मार्च में इसकी शुरुआत के बाद से गाजा से 799 लोगों को गाजा पट्टी से निकाला है, जिनमें 232 मरीज और 567 उनके साथी शामिल हैं।

### अमेरिकी सेना में सिखों के लिए दाढ़ी की नीति पर पुनर्विचार की अपील

नई नीति से अमेरिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी सांसद ने युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को पत्र लिखा है, जिसमें अमेरिकी सेना के सैनिकों के लिए जारी की गई दाढ़ी संबंधी नीति पर पुनर्विचार की अपील की गई है। दरअसल नई नीति से अमेरिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं।

नई नीति के तहत सभी अमेरिकी सैनिकों को दाढ़ी काटना अनिवार्य कर दिया गया है। अमेरिकी सांसद थामस सुओजी ने पीट हेगसेथ को लिखे पत्र में सिख समुदाय की चिंताओं को उजागर करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सिख धर्म में बिना कटे बाल और दाढ़ी रखना, उनके धर्म का मूल सिद्धांत है। युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को लिखे एक पत्र में सांसद थामस सुओजी ने इस बात पर जोर दिया कि सिख पीढ़ियों से अमेरिकी सैनिकों के साथ लड़ते आ रहे हैं, जिनमें प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध दोनों शामिल हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि सिखों के लिए, अपने देश की सेवा करना एक पवित्र कर्तव्य है, यह संत-सिपाही (संत-सैनिक) के आदर्श का प्रतीक है जो आस्था और सेवा का मिश्रण है। सिख धर्म में अनुयायियों से ईश्वर के प्रति भक्ति और समानता के प्रतीक के रूप में बाल और दाढ़ी नहीं काटने की अपेक्षा की जाती है।

### ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका छद्म तेल पर लगाया बैन

**ब्रुसेल्स।** रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के यूरोपीय संघ के अध्यक्ष और विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान रूस पर लगे प्रतिबंधों का एलान करते हुए कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि अब अमेरिका और पश्चिम के देश रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं।

### तंजानिया में आम चुनाव से पहले शीर्ष विपक्षी नेता गिरफ्तार

**दार एस सलाम।** तंजानिया में अगले हफ्ते होने वाले आम चुनाव से पहले मुख्य विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चाडेमा के उपाध्यक्ष जॉन हेचे को पार्टी नेता टुंडू लिस्सु के राजद्रोह के मुकदमे में शामिल होने की कोशिश करते समय हिरासत में लिया गया। चाडेमा ने एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार 'वरिष्ठ पार्टी नेताओं को गिरफ्तार करने और उन्हें चुनाव खत्म होने तक हिरासत में रखने' की योजना बना रही है।चुनाव 29 अक्टूबर को होंगे। सरकार ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# वेनेजुएला की अमेरिका को चेतावनी

## 5000 रूसी मिसाइलें तैनात की, राष्ट्रपति बोले: साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देंगे



मातृभूमि के हर इंच के लिए लड़ेंगे

**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मादुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी।

ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। अमेरिका लंबे समय से मादुरो के खिलाफ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के समुद्री तट के पास कुछ नौसैनिक जहाज भेजे हैं, जिन्हें अमेरिका ने ड्रग्स के खिलाफ आपरेशन बताया है। अमेरिका ने पिछले कुछ वक्त में वेनेजुएला की कुछ नावों को तबाह भी कर दिया है। उसका आरोप है कि ये नावें ड्रग्स ले जा रही थीं। हालांकि वेनेजुएला ने इन आरोपों को गलत बताया है। वेनेजुएला का कहना है कि अमेरिका का यह आपरेशन उसकी आजादी पर हमला है। पिछले महीने वेनेजुएला की बोट पर अमेरिकी हमले का फुटेज। इस हमले में 3 लोग मारे गए थे। अमेरिका ने मादुरो पर 7 अगस्त को 50 मिलियन डॉलर, यानी करीब 420 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। इसके अलावा उनसे जुड़े 700 मिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। इतना इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था।

### शेख सालेह बिन फौजान बने सऊदी अरब के नए ग्रैंड मुफ्ती



90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने बुधवार देर रात अति-रूढ़िवादी इस्लामिक विद्वान 'शेख सालेह बिन फौजान अल फौजान' को देश का नया ग्रैंड मुफ्ती नियुक्ति करने का एलान किया।

90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई है। शेख सालेह का जन्म कथित तौर पर 28 सितम्बर, 1935 को सऊदी अरब के अल-कासिम प्रांत में हुआ था। अपने पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने एक स्थानीय इमाम से कुरान की शिक्षा ली। उन्होंने नूर अला अल-दरब या 'रास्ता रोशन करो' रेडियो शो को लंबे समय तक संबोधित किया। साथ ही कई किताबें भी लिखीं। उनके फतवे या धार्मिक आदेश सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए हैं। शेख सालेह को अपने कुछ बयानों के लिए पश्चिमी मीडिया में आलोचना का सामना भी करना पड़ा है। सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती सुन्नी मुसलमानों की दुनिया के शीर्ष इस्लामी मौलवियों में से एक हैं। ह्यूमन राइट्स वाच ने 2017 में बताया था कि जब शेख सालेह से पूछा गया कि क्या सुन्नी मुसलमानों को शियाओं को अपना भाई मानना चाहिए, तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा था कि वे शैतान के भाई हैं। उन्होंने कहा कि शिया, ईश्वर उनके पैगंबर और मुसलमानों के बारे में झूठ बोलते हैं। सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनीतिक तनाव का इतिहास है और सऊदी अरब के धार्मिक नेताओं के द्वारा शियाओं के बारे में ऐसी टिप्पणियां आम हैं। साल 2003 में शेख सालेह ने अपने एक बयान में कहा था कि गुलामी इस्लाम का एक हिस्सा है। गुलामी, जिहाद का हिस्सा है, और जब तक इस्लाम है, जिहाद रहेगा। शेख अब्दुलअजीज बिन अब्दुल्ला अल-शेख के सितम्बर में निधन के बाद शेख सालेह ने यह पद संभाला है। अल-शेख परिवार, जो शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल-वहाब के वंशज हैं, लंबे समय से सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती के रूप में सेवा देते आ रहे हैं। 18वीं शताब्दी में शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल वहाब की इस्लाम की अति-रूढ़िवादी शिक्षाओं, जिन्हें उनके नाम के चलते 'वहाबवाद' कहा जाता है, का दशकों तक सऊदी अरब पर प्रभाव रहा है।

### स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोह के लिए स्टारलिंक सेवाएं बंद की

**बैंकॉक।** सैटेलाइट इंटरनेट सेवा कंपनी स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 2,500 से जयादा उपकरणों से स्टारलिक उपग्रह संचार सेवाएं बंद कर दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार माना जा रहा है कि थाईलैंड-म्यांमार सीमा पर 30 से जयादा गिरोह सक्रिय हैं जहां दुनिया भर के लोगों की तस्करी की जाती है और उन्हें जबरन ऐसे घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है जिनसे सालाना अरबों डॉलर की कमाई होती है।

### नाइजीरिया में तेल टैंकर में विस्फोट से 42 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है। एक सहायताकर्मी ने बीबीसी को यह जानकारी दी।

नाइजर राज्य आपातकालीन सेवा के प्रमुख अब्दुल्लाही बाबा आरा ने बीबीसी को बताया कि हादसे में 52 अन्य लोग को चोटें आई हैं, जिनका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पलटे हुए टैंकर से तेल इकट्ठा करने के लिए दौड़े, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया और भीषण आग लग गई। भीषण आग में कई लोग बुरी तरह जल गए और उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया और घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल ले जाया गया। यह दुर्घटना नाइजर राज्य के कच्चा स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बीडा-अगाई सड़क के किनारे एस्सान और बादेगी समुदायों के पास हुई। नाइजर के गर्वनर मोहम्मद उमरु बागो ने पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना को 'चिंताजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और दयनीय' बताया। गर्वनर के मुख्य प्रेस सचिव बोलागी इब्राहिम ने एक बयान में कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि कई जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग गिरे हुए टैंकर के पास जाकर उसका सामान उठा रहे हैं।

# बलूचिस्तान में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत

## 11 आतंकवादी भी हुए ढेर



आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए। नोश्की में गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, केच इलाके में एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने चगाई और सिबी जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए अभियान में 11 आतंकियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी। संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई और छह आतंकवादी मारे गए। सिबी में आतंकवाद निरोधी दस्ते ने एक परिसर पर छापा मारा जहां एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य छिपे हुए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में जबरदस्त फायरिंग हुई। जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य गिरफ्तार कर लिए गए। दोनों जगहों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोग सुरक्षा बलों, पुलिस और लेवी कर्मियों पर पहले भी हुए हमलों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सभी शवों को पहचान के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया है।

### भारतीय मूल के सुनील अमृत ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार

द बर्निंग अर्थ के लिए मिला अवॉर्ड

**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थ: एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है। अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर सुनील अमृत का जन्म केन्या में हुआ।

46 वर्षीय अमृत की किताब को ब्रिटिश अकादमी पुस्तक अवॉर्ड के निर्णायकों ने जलवायु संकट के मामले में महत्वपूर्ण पठन सामग्री बताया। बुधवार शाम लंदन स्थित ब्रिटिश अकादमी में आयोजित एक समारोह में सुनील अमृत को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका से लाइव वीडियो लिंक के से कार्यक्रम से जुड़े अमृत ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि यह मानवीय और पर्यावरणीय, दोनों तरह के नुकसान और पीड़ा के बारे में बहुत विस्तार से बताती है। साथ ही ये दर्शाती है कि ये दोनों लगभग हमेशा आपस में जुड़े रहे हैं। लेकिन अंत में, मैं इस पुस्तक से जो पढ़ना चाहूंगा, वह यह है कि इसके कई हिस्से हमें इस मुकाम तक ले आए हैं। इसलिए कई ऐसे रास्ते भी थे जिन्हें अपनाया नहीं गया, ऐसे विचार जिन्हें भुला दिया गया, ऐसे आंदोलन जो भले ही विफल रहे हों, लेकिन उन्होंने एक स्थाई विरासत छोड़ी है, ऐसी प्रौद्योगिकियां जो अधिक विनम्र और टिकाऊ थीं।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108